# श्रमसाधना

shramsadhnagwl@gmai.com

श्रम की शक्ति, राष्ट्र की प्रगति

www.shramsadhnanews.com

हम बनेंगे आपकी आवाज
स्कैन करें और चैनल से जुड़े

दैनिक सांध्यकालीन

RNI रजि. क्र. 50069/89

वर्ष : 38, अंक : 55 ग्वालियर, शुक्रवार 25 सितंबर 2026
विक्रम संवत् 2083 पृष्ठ 12, मूल्य 1 रुपया

डाक पंजीयन
L-2-13/समा.पत्र/पं. 40020181/22-23


# 21 साल का लंबा इंतजार खत्म : मप्र में दौड़ीं सरकारी बसें

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 351 बसों को दिखाई हरी झंडी

**भोपाल जीएनएस**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मजबूत नेतृत्व और संकल्प से अब मध्य प्रदेश की सडक़ों पर सुगम सफर का नया युग शुरू हो चुका है। भोपाल के भेल दशहरा मैदान से सीएम डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय सडक़ परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने रिमोट का बटन दबाकर एक साथ 351 नई-नवेली बसों को रवाना किया। बता दें कि राजधानी भोपाल का भेल दशहरा मैदान शुक्रवार को एक बड़े बदलाव का गवाह बना। सजी-धजी 351 बसें जब एक साथ हरी झंडी मिलते ही सडक़ों की ओर बढ़ीं तो हर चेहरे पर खुशी तैर गई।

**प्रदेश भर में 1500 आधुनिक बसें चलाने का लक्ष्य :** मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा और पीएम ई-बस सेवा के तहत शुरू हुई ये बसें भोपाल, इंदौर सहित प्रदेश के 7 बड़े शहरों में इंटरसिटी और इंट्रासिटी रूट्स पर दौड़ेंगी, लेकिन ये तो सिर्फ शुरुआत है। सीएम डॉ. मोहन यादव ने ऐलान किया है कि पहले ही साल में प्रदेश भर में 1500 आधुनिक बसें चलाने का लक्ष्य है। यही नहीं मोहन सरकार का संकल्प है कि प्रदेश की 75 प्रतिशत ग्राम पंचायतों को भी इस बस सेवा से सीधे जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि



हमारी सरकार जनता के हित में बड़े और कड़े फैसले ले रही है। हमने जो संकल्प लिया था, उसे आज पूरा किया है। सड़कों का ऐसा जाल बिछाया गया है कि अब गांव से शहर तक का सफर आसान हो गया है। एक साल के भीतर राज्य में 1 लाख पदों पर नौकरियां भी निकाली जाएंगी।

**पीपीपी मॉडल पर चलेंगी बसें :** बता दें यह बस सेवा सिर्फ एक गाड़ी नहीं, बल्कि हाई-टेक सुविधाओं का चलता-फिरता मॉडल है। लॉन्च की गई 351 बसों में 180 पूरी तरह से पर्यावरण-अनुकूल इलेक्ट्रिक बसें शामिल हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए इसमें पुश-बैक आरामदायक सीटें, पर्याप्त लेगरूम और शानदार एयर कंडीशनिंग दी गई है। वहीं महिलाओं और यात्रियों की सुरक्षा के लिए ड्राइवर की स्क्रीन के ठीक सामने सीसीटीवी कैमरों की लाइव फीड की व्यवस्था की गई है यानी आराम भी पूरा और सुरक्षा भी पक्की। मंच से सीएम डॉ. मोहन यादव ने विकास के आंकड़ों के साथ-साथ विपक्ष पर भी तीखे तीर चलाए। सरकार इसे पीपीपी यानी पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर चलाएगी।

**हर नागरिक का सफर होगा सुगम और सुरक्षित :** उन्होंने साफ कहा कि कांग्रेस शासन में जो बस सेवा ठप हो गई थी, उसे भाजपा सरकार ने आधुनिक रूप में फिर जीवित किया है। सीएम ने बिना नाम लिए राहुल गांधी पर भी जोरदार हमला बोला और कहा कि लोकतंत्र में जनता सब जानती है, कोई अपने खानदान के बलबूते खुद को राजकुमार नहीं समझ सकता। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश न सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर और परिवहन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है, बल्कि आम जनता के हर एक वादे को तेजी से जमीन पर उतार रहा है। अब गांव हो या शहर, मध्य प्रदेश के हर नागरिक का सफर सुगम, सुरक्षित और आधुनिक होगा।

---

### आउटसोर्स कर्मचारी की सेवाएं समाप्त, चार कर्मचारियों का 15-15 दिन का वेतन काटा

## सफाई में लापरवाही पर निगम अध्यक्ष सख्त, पांच कर्मचारी मिले अनुपस्थित

**ग्वालियर जीएनएस**

नगर निगम अध्यक्ष मनोज तोमर ने गुरुवार को वार्ड क्रमांक 55 का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उनके साथ उपायुक्त स्वच्छता मुकेश बंसल और मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान पांच कर्मचारी अनुपस्थित मिले। इस पर निगम अध्यक्ष ने नाराजगी जताते हुए संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान वार्ड के कुछ क्षेत्रों में गंदगी मिली। निगम अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से सफाई व्यवस्था को लेकर चर्चा की तो उन्होंने बताया कि सफाई कर्मचारी कचरा लेने के लिए नहीं आए हैं। इस पर अध्यक्ष ने सफाई व्यवस्था में लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।



मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि निगम अध्यक्ष के निर्देश पर अनुपस्थित मिले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। आउटसोर्स कर्मचारी मोनू पुत्र घनश्याम की सेवाएं समाप्त कर दी गईं। वहीं प्रवेश, धर्मेंद्र, बृजेश और मनोज/नथन के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करते हुए 15-15 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए हैं। निगम अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वार्डों में सफाई व्यवस्था की नियमित निगरानी की जाए। जहां भी सफाई में लापरवाही मिले, वहां जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि शहर की स्वच्छता व्यवस्था बेहतर बनी रहे।

---

## तानसेन की जन्मस्थली बेहट पहुंची बड़नगर-वाराणसी बाइक रैली



**ग्वालियर जीएनएस**

सेवा-संकल्प अभियान के तहत सेवा यात्रा के रूप में निकली बड़नगर-वाराणसी बाइक रैली गुरुवार देर शाम संगीत सम्राट तानसेन की जन्मस्थली बेहट पहुंची। यहां भाजपा जिला अध्यक्ष ग्रामीण प्रेम सिंह राजपूत सहित जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने रैली में शामिल यात्रियों का पुष्पमालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया। रैली के पहुंचने पर स्थानीय नागरिकों में भी उत्साह देखने को मिला। बाइक रैली में शामिल सदस्यों ने बेहट स्थित तानसेन स्मारक पहुंचकर संगीत सम्राट तानसेन को नमन किया। इसके बाद रैली के सदस्य 25 सितंबर को सुबह 9 बजे शिवपुरी लिंक रोड स्थित शिवहरे गार्डन में आयोजित मुख्य जनसंवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे।

---

### राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर विद्यार्थियों ने नशामुक्ति, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

# सेवा से ही समाज और राष्ट्र का कल्याण

**ग्वालियर जीएनएस**

कृषि महाविद्यालय, ग्वालियर में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें अधिष्ठाता डॉ. वाय.पी. सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी, संवेदनशीलता और राष्ट्रहित की भावना विकसित करने का माध्यम है। देश और समाज के कल्याण के लिए समर्पित भाव से किया गया कार्य ही सच्ची सेवा है।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नशामुक्ति, नारी सशक्तीकरण, स्वच्छता, रक्तदान, लोक कल्याण और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर विचार व्यक्त किए। विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सामाजिक सरोकारों के प्रति लोगों को जागरूक किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के सफाई कर्मचारियों का डॉ. वाय.पी. सिंह और कृषि प्रसार विभागाध्यक्ष डॉ. ओम प्रकाश सिंह ने तिलक लगाकर शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। डॉ. सिंह ने उनके योगदान की सराहना की।

डॉ. ओम प्रकाश सिंह ने विद्यार्थियों को राष्ट्र एवं समाज सेवा के लिए प्रेरित करते हुए कृषि क्षेत्र में रोजगार, स्वरोजगार और करियर के अवसरों की जानकारी दी। कार्यक्रम के बाद विद्यार्थियों ने परिसर में वृक्षारोपण और स्वच्छता अभियान चलाया। डॉ. आर.के. जायसवाल ने मोबाइल का सीमित एवं सदुपयोग करने और साइबर अपराधों से सतर्क रहने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विश्वनाथ सिंह कंसाना ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार और एकता के साथ देशहित में सेवा भावना विकसित करने का आह्वान किया। आभार डॉ. जी.एस. तेलंक ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में शिक्षक, कर्मचारी और करीब 150 से 200 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।



# सीहोर के खारी गांव में वेब सीरीज हसीना पार्लर एवं आँखें का मुहूर्त संपन्न

**सीहोर, जीएनएस।**
क्रांटम वेंचर्स के बैनर तले वेब सीरीज हसीना पार्लर एवं आँखें का मुहूर्त हरि थाना बिल किस गंज सीहोर में संपन्न हुआ। वेब सीरीज के निर्माता नीरेश कुमार यादव जी के हाथ से पहले गणेश मंदिर में पूजा अर्चना पंडित जी के द्वारा कराई गई इस वेब सीरीज हसीना पार्लर एवं आँखें के निर्देशक मनोज जायसवाल के कहने पर वरिष्ठ पत्रकार श्री जयसिंह रघुवंशी के द्वारा कैमरे का बटन दबाकर शुरू करवाया। और वेब सीरीज के निर्माता नीरेश कुमार यादव जी से कैमरे के सामने नारियल को फोड़ा गया और वहां पर उपस्थित गण मन नागरिकों ने खूब तालियां बजाई और साथ ही गणपति बप्पा मोरिया के जय कारे लगाए गए। इसके बाद वेब सीरीज के एक दृश्य का फिल्मांकन भी हुआ। वेब सीरीज हसीना पार्लर और आँखें के निर्माता ने बताया कि मेरा जन्म एटा यूपी में हुआ है और मैं संपत्ति का काम किया इसके बाद इलेक्ट्रॉनिक की दुकान लखनऊ में तथा आइडिया एयरटेल लावा आदि में एरिया सेल्स मैनेजर तथा लेमन मोबाइल में राज्य प्रभारी एवं जी टी एल साझेदारी के रूप में काम किया। निर्माता नीरेश कुमार यादव बताते हैं कि दोनों वेब सीरीज हसीना पार्लर एवं आंखें के निर्देशक मनोज जायसवाल जी के साथ काम कर रहा हूं ।इस वेब सीरीज हसीना पार्लर एवं आँखें के मुहूर्त के दौरान निर्देशक मनोज जायसवाल जी ने बताया कि मेरा जन्म कोलकाता में सन 1937 में हुआ है और वह 12 वर्ष की आयु में ही मुंबई आ गया मुंबई आकर मैंने राज कपूर जी के यहां काम किया ।मेरी सबसे पहली फिल्म मैं फिर आऊंगी सन 1997 में रिलीज



हुई और उसके बाद तीन सीरियल हंसते ज़ख्म सन 1998 और ब्लैक कैट सन 1999 में एवं हेलो प्रोफेसर सन 2000 में इनका निर्माण किया और निर्देशक मनोज जायसवाल जी ने बताया कि मेरी सबसे चर्चित फिल्म शबनम मौसी रही है। यह विधायक शबनम मौसी के जीवन पर आधारित थी जिसमें कलाकार आशुतोष राणा ने मुख्य भूमिका निभाई थी यह फिल्म 2007 में बनकर रिलीज की गई और फिर बताया कि फिल्म फाइव राइफल का भी निर्माण सन 1999 में किया था एक और धार्मिक फिल्म सती बिहुला तैयार की गई जिसमें हेमा मालिनी एवं भाग्यश्री ने फिल्म में विशेष भूमिका निभाई है और कुतुब मीनार फिल्म अभी कंप्लीट है जो प्रदर्शन के लिए तैयार है और आपने बताया कि दोनों वेब सीरीज हसीना पार्लर एवं आँखें के बाद ही श्री शरद पवार जी के जीवन पर आधारित फिल्म का निर्माण कर रहा हूं ।इसके बाद कुछ कलाकारों से बात की गई कलाकार कृष्णकांत तिवारी ने बताया कि मैं वेब सीरीज हसीना पार्लर एवं आँखें में मेरा मुख्य किरदार देवदास की भूमिका का निभा रहा हूं और एक्टिंग के क्षेत्र में पिछले 15 वर्षों से सक्रिय हूं मैंने थिएटर का जाना माना नाम राजा वक्त वाली शाह महाराजा छत्रसाल और बैंगल्स लैंड जैसे नाटकों में मुख्य अव्यय निभाई है कृष्णकांत तिवारी ने एम पी ई टी वी का कार्डम शो दास्तानऐ जुर्म और एम पी मेरी जान सीरियल में अभिनय किया है।और आपने उसके बाद कई वेब सीरीज एवं फिल्मों में भी अभिनय किया है तथा तिवारी ने बताया मेरी आने वाली वेब सीरीज मैं भी मां बन गया जो एक पुरुष मां बन जाने की कॉमिक कहानी है जिसमें घनश्याम की मुख्य भूमिका निभाई है कलाकार प्रवीण राणा ने शूटिंग के दौरान बताया की वेब सीरीज हसीना पार्लर एवं आंखें में दारा सिंह की भूमिका में अभिनय कर रहा हूं इसके अलावा मेरी पहली फिल्म भारत है मैंनेइस फिल्म मैं सलमान खान जी के साथ काम किया है तथा कायाकसी वेब सीरीज में मुख्य भूमिका तथा फिर हेरा फेरी फिल्म में कॉमेडी सीन किया है। और तीन हिंदी सॉन्ग दिल मेरा बालसर हुआ तथा दो मराठी सॉन्ग एवं सावधान इंडिया क्राइम में भी अपने अभिनय किया है। इसके बाद अभिनेत्री शकीला उर्फ कायनात खान जो ग्रेड नोएडा की रहने वाली हैं उन्होंने बताया कि मैं वेब सीरीज हसीना पार्लर एवं आंखों में मुख्य भूमिका में काम कर रही हूं इसके अलावा मेरी पहली हिंदी फिल्म शेखचिल्ली की जंग है तथा संजय कपूर जी के साथ फिल्म पलटवार में भी अभिनय किया है अभिनेत्री शकीला बताती है कि मेरे गुरु श्री शेखचिल्ली हरिराम तूफान है उनके साथ भी कई मूवीस में काम किया है फिल्मों में अभिनय करने में मेरी मां गुलशन और पिता श्री अब्दुल वाहिद खान साहब ने हर कदम पर सहयोग दिया है ।वेब सीरीज के निर्माता नीरेश कुमार यादव एवं निर्देशक मनोज जायसवाल हैं। क्रिएटिव डायरेक्टर आलम खान पठान और एसोसिएट डायरेक्टर प्रतिभा श्रीवास्तव हैं ।इस वेब सीरीज के लेखक दिलशाद शामली डी ओ पी अमन कुमार है वेब सीरीज का संगीत बाबा जागीरदार कारण शुक्ला ने दिया है।

## विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश अभियान के तहत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित



**फिरोजाबाद, जीएनएस।**
महात्मा गांधी बालिका पीजी कॉलेज में विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश अभियान के अंतर्गत तहसील स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें तीन महाविद्यालयों के 43 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में महात्मा गांधी बालिका पीजी कॉलेज और एसआरके कॉलेज के विद्यार्थियों ने विजेता के रूप में स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. प्रियदर्शिनी उपाध्याय के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद डॉ. निष्ठा शर्मा के मार्गदर्शन में छात्राओं ने गणेश वंदना और सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. निशा ने किया। प्रतियोगिता में महात्मा गांधी बालिका पीजी कॉलेज, एसआरके कॉलेज और दाऊ दयाल कॉलेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया। महात्मा गांधी बालिका पीजी कॉलेज की विधि गुप्ता, ज्योति राठौर और मानसी यादव तथा एसआरके कॉलेज के अंशिका और राघवेंद्र ने विजेता के रूप में स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डॉ. अनीता चौरसिया, डॉ. जेबा फारूकी और श्रीमती भावना सिंह शामिल रहीं।

दाऊ दयाल कॉलेज से डॉ. नम्रता त्रिपाठी और डॉ. शमा तथा एसआरके कॉलेज से डॉ. लीना बंसल ने प्रतिनिधि के रूप में सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इसके माध्यम से संदेश दिया गया।

### 8 आदतन आरोपियों के खिलाफ राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई

## 4 आदतन आरोपी जिला बदर व 4 आरोपियों को बंध पत्र भरने के आदेश

**ग्वालियर, जीएनएस।**
कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान द्वारा 8 आदतन आरोपियों के खिलाफ राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदनों के आधार पर यह कार्रवाई की है। इनमें से 4 आरोपियों को जिला बदर कर दिया गया है। इसी तरह 4 अन्य आरोपियों को सदाचार बरतने के लिये संबंधित पुलिस थाने में 50 ङ्क 50 हजार रूपए का बंध पत्र भरने के आदेश दिए गए हैं। जिला दण्डाधिकारी श्रीमती चौहान ने इस आशय के पृथक-पृथक आदेश जारी किए हैं।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती चौहान द्वारा आदतन आरोपी पवन उर्फ प्रिंस जाट निवासी ग्राम उर्वा थाना क्षेत्र चीनौर, शैलू उर्फ उपेन्द्र निवासी ग्राम बागवई थाना क्षेत्र भितरवार, शिवदत्त उर्फ धन्से राजावत निवासी शिवनगर घोसीपुरा थाना क्षेत्र जनकगंज व शेरू उर्फ सुरेन्द्र गोस्वामी निवासी दो भाई की दुकान के पास गरम सड़क मुरार को 6 माह की अवधि के लिये जिला बदर किया गया है। इन सभी आरोपियों को ग्वालियर जिला सहित समीपवर्ती भिण्ड, मुरैना, शिवपुरी व दतिया जिले की सीमा से बाहर चले जाने के आदेश दिए गए हैं। इन आरोपियों के खिलाफ विभिन्न पुलिस थानों में संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। जिन आरोपियों के खिलाफ राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 50 ङ्क 50 हजार रूपए के बंध पत्र भरने की कार्रवाई की गई है, उनमें भूरा बाथम निवासी सतीविहार कॉलोनी मछली मंडी लधेड़ी थाना क्षेत्र ग्वालियर, योगेन्द्र उर्फ मोनू सेंगर निवासी गुड़ागुड़ी का नाका सेंगर कॉलोनी थाना क्षेत्र माधौगंज लश्कर, गुरपाल उर्फ गुरूपाल उर्फ गिरपाल निवासी ग्राम दौलतपुर हाल शीतला माता मंदिर रोड चीनौर थाना क्षेत्र चीनौर एवं सत्री उर्फ अनिल कमरिया निवासी बुलबुलपुरा घासमंडी ग्वालियर थाना क्षेत्र ग्वालियर शामिल हैं। इन सभी को संबंधित थाना में जाकर निर्धारित समय-सीमा के भीतर सदाचार बरतने के लिये बंधपत्र संपादित करने के आदेश दिए गए हैं।

## जिले का सातवाँ जिला स्तरीय जन-विश्वास शिविर 26 को आंतरी में

**ग्वालियर, जीएनएस।**
मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत ग्वालियर जिले का सातवां जिला स्तरीय शिविर शनिवार 26 सितम्बर को प्रातः 10.30 बजे से आंतरी स्थित नगर पालिका कार्यालय प्रांगण में आयोजित होगा। इस शिविर के माध्यम से नगर पंचायत आंतरी के सभी वार्डों के निवासियों को लाभान्वित कराया जायेगा। शिविर शुरू होने से पहले विभिन्न विभागों के अधिकारी भ्रमण कर अपने-अपने विभाग की संस्थाओं का निरीक्षण करेंगे। जिला स्तरीय जन-विश्वास शिविर में जन संवाद, उद्योग एवं इन्फ्लुएंसर संवाद आयोजित किए जाएंगे। उद्योग संवाद में वृहद, एमएसएमई तथा कुटीर उद्योगों से जुड़े उद्यमी अपने अनुभव साझा करेंगे।






# सफलता की कहानी: पीएमईजीपी की संजीवनी से धर्मेश के सपनों को मिली उड़ान

**ग्वालियर, जीएनएस।**
हौसले की सुई और संकल्प के धागों से जब सरकारी योजना का सहारा जुड़ता है, तो सपनों का खूबसूरत परिधान तैयार हो ही जाता है। ग्वालियर के युवा उद्यमी धर्मेश जैन ने इसे सच कर दिखाया है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) से मिले 25 लाख रुपये के ऋष्टा को उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से 2 करोड़ रुपये के सालाना कारोबार में बदल दिया। पीएमईजीपी से मिली मदद से स्थापित उनके ÷अंकित क्रिएशन÷ रेडीमेड गारमेंट्स उद्यम ने न सिर्फ धर्मेश को आत्मनिर्भर बनाया है, बल्कि 20 अन्य लोगों की रोजी-रोटी का जरिया भी बना है। साथ ही हजारों युवाओं के लिए रोल मॉडल भी । ÷सेवा-संकल्प अभियान÷ के दौरान उनकी सफलता सही मायने में सेवा, सुशासन और संकल्प की शक्ति का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत कर रही है।

**एक जज्बे से शुरू हुआ सफर:** नाहर खाना गश्त का ताजिया क्षेत्र के निवासी धर्मेश के मन में हमेशा अपना कुछ करने की चाह थी। उन्हें बस एक अवसर की तलाश थी, जो उन्हें पीएमईजीपी के रूप में मिला। जिला उद्योग केन्द्र के सहयोग से उन्होंने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की सराफा बाजार शाखा में 25 लाख रुपये के ऋष्टा के लिए आवेदन किया। ऋष्टा



स्वीकृत होते ही उनकी राह आसान हो गई और अगस्त 2021 में ÷अंकित क्रिएशन÷ की नींव रखी गई। शुरुआत छोटे स्तर और सीमित संसाधनों से हुई, पर धर्मेश की सोच बड़ी थी। उन्होंने बाजार की मांग को समझा और गुणवत्ता से कभी समझौता नहीं किया। बेहतरीन फिनिशिंग और आकर्षक डिजाइन ने उनके उत्पादों को बाजार में जल्दी पहचान दिलाई। नतीजा यह कि कुछ ही वर्षों में इकाई का सालाना टर्नओवर 2 करोड़ रुपये तक पहुँच गया। धर्मेश जैन न केवल एक सफल उद्यमी हैं, बल्कि ÷मेक इन इंडिया÷ और ÷लोकल फॉर वोकल÷ अभियान के चमकते सितारे भी हैं।

**सेवा से संकल्प तकः आत्मनिर्भरता के साथ सामाजिक सरोकार:**
प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश भर में ÷सेवा-संकल्प अभियान÷ चलाया जा रहा है। अभियान का भाव है जनसेवा, जनभागीदारी और विकसित भारत के निर्माण में हर नागरिक की भूमिका। धर्मेश जैन की कहानी इसी भाव को साकार करती है। खुद आत्मनिर्भर बनने के साथ उन्होंने स्थानीय परिवारों को रोजगार का सहारा भी दिया है। वर्तमान में उनकी इकाई में 20 लोगों को रोजगार मिल रहा है। कारीगरों और श्रमिकों के लिए ÷अंकित क्रिएशन÷ आजीविका का भरोसेमंद केंद्र है। अ प न ी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत और सरकारी सहयोग को देते हुए धर्मेश कहते हैं कि युवाओं को नौकरी के पीछे भागने के बजाय स्वरोजगार की दिशा में सोचना चाहिए। उनके अनुसार पीएमईजीपी जैसी योजनाएँ मध्यमवर्गीय युवाओं के लिए वरदान हैं। यदि आपके पास ठोस बिजनेस आइडिया है, तो सरकार उसे जमीन पर उतारने के लिए तैयार खड़ी है। भावुक स्वर में धर्मेश कहते हैं, ÷आज मैं जो कुछ भी हूँ, उसमें सरकार की योजनाओं का बड़ा योगदान है। मैं इस सहयोग के लिए यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। उनकी युवा-हितैषी नीतियों और स्वरोजगार को दिए जा रहे प्रोत्साहन से ही मेरे जैसे साधारण परिवार का युवा उद्यमी बन पाया है।

# मुख्य मार्गों एवं बाजारों से हटाया अस्थाई अतिक्रमण, यातायात को बनाया सुगम

**ग्वालियर, जीएनएस।**
नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने एवं मुख्य मार्गों को अतिक्रमण मुक्त करने के उद्देश्य से अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक चौधरी के निर्देशन में अपर आयुक्त श्री प्रदीप सिंह तोमर एवं नोडल अधिकारी मदाखलत श्री केशव सिंह चौहान के मार्गदर्शन में मदाखलत दलों ने अलग-अलग क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए हाथ ठेले, फुटपाथी फड़, दुकानों के बाहर रखा सामान एवं अन्य अतिक्रमण हटवाया।

मदाखलत अधिकारी श्री शैलेंद्र सिंह चौहान के निर्देशन में पूर्व विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत मुरार बारादरी चौराहे से सदर बाजार, अग्रसेन चौक, गणेश मंदिर, गर्म सड़क, गर्ल्स कॉलेज तक यातायात में बाधक हाथ ठेले वालों व फुटपाथियों को हटवाया और दुकानदारों के सामान को दुकानों के अंदर करवाया। उक्त कार्रवाई में मदाखलत निरीक्षक श्री सुघर सिंह सिसोदिया व दल पूर्व उपस्थित रहा। इसके साथ ही मदाखलत अधिकारी श्री रवि कुमार कोरी के निर्देशन में किलागेट रोड, हजीरा चौराहा, चार शहर का नाका रोड, इंटक मैदान रोड़ सहित विभिन्न स्थानों पर खड़े यातायात में बाधक हाथ ठेलों, सडक पर रखे सामानों एवं अन्य अस्थाई अतिक्रमण को दल (ग्वा.) के साथ राउन्ड लगाकर हटवाकर हाथ ठेलो को हॉकर्स जोन के अन्दर भिजवाया तथा अवागमन मार्ग क्लियर करवाया गया। इसके साथ ही यादव धर्मकान्टा रोड, गदाईपुरा ग्वालियर सड़क पर खड़े यातायात में बाधक हाथ ठेलों एवं अन्य अस्थाई अतिक्रमण को हटवाया गया। साथ ही पाताली हनुमान मन्दिर के सामने पटेल नाश्ता एवं मिष्ठान भन्डार के दुकानदार द्वारा सड़क पर सामान एवं सडक की ओर लगी त्रिपाल को हटवाया गया। साथ ही सम्बन्धितों को उक्त स्थल पर किसी भी प्रकार के हाथ ठेले या अतिक्रमण ना करने की सख्त हिदायत दी गई। कार्रवाई के दौरान मदाखलत निरीक्षक श्री श्रीकान्त सेन सहित दल मौजूद रहा। साथ ही मदाखलत अधिकारी श्री सतेंद्र सिंह भदौरिया के निर्देशन में महाराज बाड़ा अंतर्गत सुभाष मार्केट, नजरबाग मार्केट, टोपी बाजार, एसबीआई बैंक, हेमू चौक, छापाखाना, स्काउट, गाँधी मार्केट के मुख्य मार्गे से हाथ ठेले, फुटपतियों के फड़ को हटवाया जाकर मुख्य मार्ग क्लियर करवाया गया। साथ ही सराफा बाजार, गस्त का ताजिया, फालका बाजार, छप्पर वाला पुल, शिंदे की छावनी, नौगजा रोड, हनुमान चौराहा, जनकगंज रोड से मदाखलत वाहन द्वारा एलाउंसमेंट कर मुख्य मार्ग से हाथ ठेले, दुकानदारों के दुकान के बाहर रखे काउंटर, स्टैंड बोर्ड, टंगन इत्यादि को हटवाया तथा यातायात अवरुद्ध न करने की हिदायत दी गई। उक्त कार्रवाई के दौरान मदाखलत निरीक्षक श्री आजाद खान सहित दल दक्षिण मौके पर उपस्थित रहा।



## बरसात में खराब हुई सड़कों पर कराई पेंच रिपेयरिंग

**ग्वालियर, जीएनएस।**
बरसात में खराब हुई सड़कों पर नगर निगम ग्वालियर द्वारा नागरिकों की सुविधा एवं सुगम यातायात के लिए पेंच रिपेयरिंग का कार्य किया गया। सहायक यंत्री श्री अमित गुप्ता ने बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक चौधरी के निर्देशानुसार निगम के अमले द्वारा निरंतर सुगम यातायात एवं आम नागरिकों की सुविधा के लिए विभिन्न सड़कों पर पेच रिपेयरिंग का काम किया जा रहा है। जिसके तहत आज रामदास घाटी ढलान से नौगजा मोड तक षिंदे की छावनी दोनो तरफ, लक्ष्मीनगर मुरार गोदाम, नारायण विहार कॉलोनी, पुरानी छावनी, हरीखेडा गांव में, रामनगर विक्की फैक्ट्री, बीएसएफ कॉलोनी, लक्की टेलर्स वाली गली, जाग्रती नगर, न्यू ग्रेसिम विहार कॉलोनी, 13 बटालियन, शील नगर, हथियापौर से सागरताल चौराहा तक, गोपाल मेंषन सिटी सेंटर, गुडा पुलिया पर, महेषपुरा संजना किराना स्टोर, मीरा नगर, त्यागी नगर में मुरम एवं डामरीकरण कर यातायात को सुगम बनाया गया।

## ब्लैक स्पॉट को साफ करने का अभियान जारी, आज 9 ब्लैक स्पॉट किए साफ

**ग्वालियर, जीएनएस।**
ग्वालियर शहर से नगर निगम द्वारा ब्लैक स्पॉट कचरा ठीया हटाने का अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आज नगर निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा 9 ब्लैक स्पॉट खत्म किए गए। वर्तमान समय में शहर में 240 ब्लैक स्पॉट बचे हैं, जिन्हें खत्म करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक चौधरी के निर्देशन में अपर आयुक्त श्री टी प्रतीक राव के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा ब्लैक स्पॉट खत्म कर जगह को स्वच्छ बनाने का अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार को पटेल नगर, तानसेन नगर, लक्ष्मीगंज के पास, लेले वाली कॉलोनी, जेल रोड, लोहिया बाजार, न्यू शिवाजी नगर रोड सहित अन्य स्थलों को साफ किया गया तथा स्थानीय नागरिकों को समझाइश दी गई कि आज साफ किए गए स्थानों पर द्वारा अगर कचरा डाला तो जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी।

## जिले में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार-बाजरा खरीदी के लिए पंजीयन 10 अक्टूबर तक

**ग्वालियर, जीएनएस।**
जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन जारी है। किसान 10 अक्टूबर तक जिले के 35 पंजीयन केन्द्रों पर निःशुल्क पंजीयन करा सकते हैं। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने संबंधित विभागों को सुव्यवस्थित पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सहायक जिला आपूर्ति अधिकारी श्री सौरभ जैन ने बताया कि जिले में स्थापित 35 पंजीयन केन्द्रों, विभिन्न कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्रों तथा सहकारी समितियों व सहकारी विपणन संस्थाओं के केन्द्रों पर निःशुल्क पंजीयन किया जा रहा है। इसके अलावा एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र एवं निजी साइबर कैफे पर पंजीयन के लिए अधिकतम 50 रुपये शुल्क निर्धारित है। सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसानों का पंजीयन केवल सहकारी संस्थाओं के केन्द्रों पर होगा तथा इनका राजस्व विभाग द्वारा सत्यापन किया जाएगा। पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज, आधार कार्ड एवं फोटो पहचान पत्र आवश्यक हैं। पंजीयन एवं फसल विक्रय के लिए आधार सत्यापन ओटीपी अथवा बायोमेट्रिक से अनिवार्य होगा तथा भू-अभिलेख और आधार में नाम का मिलान जरूरी है। उपज का भुगतान प्राथमिकता से आधार-लिंक बैंक खाते में किया जाएगा। किसान भाई बैंक खाता एवं ढ्ढस्नस्ष्ट की जानकारी दें और आधार से बैंक खाता व मोबाइल नंबर लिंक एवं अपडेट रखें। अक्रियाशील, संयुक्त तथा फिनो, एयरटेल और पेटीएम खाते मान्य नहीं होंगे। किसानों को पंजीयन की जानकारी एसएमएस, ग्राम पंचायतों के सूचना पटल, डोडी तथा समिति एवं मंडी स्तर पर बैनर के माध्यम से देने के निर्देश दिए गए हैं।



## कोटक महिंद्रा बैंक ने नगर सीएसआर मद से दिया डोर-टू-डोर टिपर वाहन

**ग्वालियर, जीएनएस।**
शहर की सफाई व्यवस्था को अधिक प्रभावी और बेहतर बनाने के लिए कोटक महिंद्रा बैंक, ग्वालियर ने अपनी सीएसआर मद से नगर निगम ग्वालियर को एक नया सीएनजी डोर-टू-डोर टिपर वाहन भेंट किया है। सर्किल मैनेजर प्रीतेश पांडे एवं डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सुनील गुर्जर ने वाहन की चाबी नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक चौधरी को सौंपी, इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री टी प्रतीक राव, उपायुक्त श्री मुकेश बंसल आदि उपस्थित थे। शहर की सफाई व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाने वाले डोर टू डोर टिपर वाहन के बेडे में एक ओर वाहन बढ गया हैं। कोटक महिंद्रा बैंक ने नगर निगम को यह वाहन भेंट किया है। वाहन को सहायक यंत्री श्री शैलेंद्र सक्सेना ने चलाकर देखा।

## कैंसर पहाड़िया पर भाटिया मसाले, बरसात चाय एवं कनिष्का मेडिकल ने डाला कचरा निगम ने लगाया 13500 रूपये का जुर्माना

**ग्वालियर, जीएनएस।**
कैंसर पहाड़ी पर खाली रेपर एवं खोखे दुकानदारों द्वारा फेंकने की सूचना मिलने पर नगर निगम की एसटीएफ टीम ने मौके पर पहुंचकर देखा, और खाली खोखे पर लिखे पते से दुकान संचालकों के यहां पर पहुंचकर 13500 रूपये का जुर्माना किया है। इसके साथ ही शहर में गंदगी करने वालों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 13000 रूपये का जुर्माना किया है। नगर निगम ने आज टोटल 26500 रूपये का जुर्माना वसूला है। नगर निगम के एसटीएफ दल को सूचना मिली थी कि कुछ कंपनी अपने खाली खोले एवं रेपर कैंसर पहाड़ी पर फेंक रही हैं। साथ ही दवाई विक्रेता मेडिकल वेस्ट भी कैंसर पहाडी पर काफी मात्रा में जमा है। इसके चलते कैंसर पहाडी पर काफी गंदगी हो रही है। नगर निगम ने एसटीएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर देखा तो वहां पर भाटिया मसाले के खाली खोखे, बरसात चाय के खाली रेपर एवं कनिष्का मेडिकल एवं क्लीनिक के पर्चे व दवाईयां मिलीं।

एसटीएफ की टीम ने भाटिया मसाले, बरसात चाय एवं कनिष्का मेडिकल से 13500 रूपये का जुर्माना वसूला है। साथ ही कैंसर पहाड़ी से गंदगी को साफ कराया जा रहा है। वहीं शहर में गंदगी फैलाने वालों, मानक पॉलीथिन, गोबर नालियों में बहाने वालों एवं भवन सामग्री सडक पर डालने वालों पर निगम की टीम ने कार्रवाई की। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम आयुक्त श्री अभिषेक चौधरी के निर्देशानुसार गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। जिसके तहत स्वास्थ्य अधिकारी श्री अजय सिंह ठाकुर के निर्देशन में वार्ड 8 भैंस डेयरी संचालकों से 2000 रूपये का जुर्माना वसूला गया।

भिण्ड-गोरमी
के
समाचार
विज्ञापन
के लिए सम्पर्क करें
महेश चौधरी
98267-36233



निष्पक्षता-विश्वसनीयता एवं जनहित का संवाहक
**श्रमसाधना**

## संपादकीय

### प्रिंसिपल मजबूत विद्यालय समुदाय कैसे बनाते हैं

विद्यालय केवल कक्षाओं, पाठ्यपुस्तकों, परीक्षाओं और इमारतों का नाम नहीं है। यह ऐसा समुदाय है, जहां विद्यार्थी, शिक्षक, अभिभावक और विद्यालय का स्टाफ एक साझा उद्देश्य के साथ मिलकर काम करते हैं। ऐसी सकारात्मक विद्यालय संस्कृति विकसित करने में प्रिंसिपल की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उसका प्रयास होना चाहिए कि हर व्यक्ति स्वयं को सम्मानित, महत्वपूर्ण और जिम्मेदार महसूस करे।

मजबूत विद्यालय समुदाय की शुरुआत विश्वास से होती है। जो प्रिंसिपल धैर्यपूर्वक सुनता है, खुलकर संवाद करता है और सभी के साथ निष्पक्ष व्यवहार करता है, वह ऐसा वातावरण तैयार करता है जहां शिक्षक और विद्यार्थी अपने विचार तथा चिंताएं बिना झिझक व्यक्त कर सकते हैं। विश्वास केवल निर्देश देने से नहीं बनता, बल्कि निरंतर अच्छे व्यवहार और कार्यों से विकसित होता है।

प्रिंसिपल का अपना आचरण भी नेतृत्व का प्रभावी माध्यम है। समय की पाबंदी, अनुशासन, ईमानदारी, विनम्रता और समर्पण तभी अधिक प्रभावशाली होते हैं, जब विद्यालय का प्रमुख स्वयं इन गुणों को अपने व्यवहार में अपनाए। जब शिक्षक अपने प्रिंसिपल में इन मूल्यों को देखते हैं तो वे भी उन्हें अपने कार्य में अपनाने के लिए प्रेरित होते हैं।

टीमवर्क विद्यालय समुदाय को मजबूत बनाने का एक और महत्वपूर्ण आधार है। शिक्षकों को अलग-अलग काम करने वाले कर्मचारियों के बजाय एक शैक्षिक परिवार का सदस्य महसूस होना चाहिए। नियमित विचार-विमर्श, सामूहिक योजना, सफल शिक्षण-पद्धतियों को साझा करना और मिलकर समस्याओं का समाधान करना आपसी संबंधों को मजबूत करता है तथा शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार ला सकता है।

विद्यार्थी विद्यालय समुदाय के केंद्र में होने चाहिए। क्लब, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियां, विज्ञान परियोजनाएं, सामाजिक सेवा और नेतृत्व के अवसर विद्यार्थियों की भागीदारी बढ़ाते हैं। जब विद्यार्थियों को जिम्मेदारियां दी जाती हैं तो उनमें आत्मविश्वास, सहयोग और विद्यालय से जुड़ाव की भावना विकसित होती है।

अभिभावक भी विद्यालय समुदाय के महत्वपूर्ण भागीदार हैं। परिवारों के साथ प्रभावी संवाद विद्यालय और घर के बीच मजबूत पुल बनाता है। अभिभावक-शिक्षक बैठकें केवल अंकों और परीक्षा परिणामों तक सीमित न रहकर विद्यार्थियों की सीखने की प्रक्रिया, व्यवहार, रुचियों और समग्र विकास पर केंद्रित होनी चाहिए।

एक प्रभावी प्रिंसिपल यह समझता है कि विद्यालय के प्रत्येक सदस्य की अपनी विशेषताएं और आवश्यकताएं होती हैं। शिक्षकों की सराहना, स्टाफ का सहयोग और विद्यार्थियों की उपलब्धियों का सम्मान सकारात्मक वातावरण तैयार करता है। प्रोत्साहन के कुछ शब्द भी किसी व्यक्ति को अधिक आत्मविश्वास के साथ काम करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

मजबूत विद्यालय समुदाय समय के साथ बनते हैं। इसके लिए धैर्य, संवेदनशीलता, पारदर्शिता और निरंतर प्रयास जरूरी हैं। प्रभावी प्रिंसिपल केवल समय-सारिणी, अभिलेख और संसाधनों का प्रबंधन करने वाला प्रशासक नहीं, बल्कि ऐसा नेतृत्वकर्ता होता है जो सभी को साझा शैक्षिक उद्देश्य से जोड़ता है।

# रंगों में पंजाब : सिंधु घाटी से आधुनिकता तक

**डॉ. विजय गर्ग**

कला मानव सभ्यता की सबसे प्राचीन और प्रभावशाली अभिव्यक्तियों में से एक है। लिखित इतिहास के विकसित होने से बहुत पहले ही मनुष्य ने रेखाओं, आकृतियों, प्रतीकों और रंगों के माध्यम से अपने विचारों, भावनाओं, विश्वासों तथा आसपास की दुनिया को व्यक्त करना शुरू कर दिया था। पंजाब की चित्रकला का इतिहास भी केवल चित्र बनाने की कहानी नहीं है, बल्कि बदलते समाज, धार्मिक परंपराओं, राजसी संस्कृति, लोकजीवन, प्रकृति, विरासत, विभाजन, प्रवास और आधुनिक विचारों की एक लंबी यात्रा है।

पंजाब से जुड़े व्यापक भौगोलिक क्षेत्र में दक्षिण एशिया की प्राचीन सभ्यताओं के महत्वपूर्ण केंद्र रहे हैं। सिंधु घाटी सभ्यता से जुड़े हड़प्पा जैसे स्थलों से प्राप्त मुहरें, मिट्टी के बर्तन, मूर्तिकाएं, आभूषण और सजावटी वस्तुएँ प्राचीन मनुष्य की विकसित कलात्मक सोच का प्रमाण देती हैं। पशुओं, पौधों, ज्यामितीय आकृतियों और विभिन्न प्रतीकों का सुंदर प्रयोग यह दर्शाता है कि उस समय के लोगों में रूप, अनुपात और डिजाइन की गहरी समझ थी।

यह कहना ऐतिहासिक रूप से उचित नहीं होगा कि सिंधु घाटी की कला को आधुनिक अर्थों में ÷पंजाबी चित्रकला÷ कहा जाए। लेकिन पंजाब क्षेत्र की यह पुरातात्विक विरासत बाद की कलात्मक परंपराओं की महत्वपूर्ण सांस्कृतिक पृष्ठभूमि अवश्य बनती है। प्राचीन मुहरों और बर्तनों पर बने प्रतीक यह बताते हैं कि दृश्य चिह्न पहचान, विश्वास और सामाजिक अर्थों को व्यक्त करने का माध्यम थे।

धर्म, आस्था और कला

पंजाब की कलात्मक यात्रा में धर्म और आस्था की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हिंदू, बौद्ध, जैन, इस्लामी और बाद में सिख परंपराओं ने अलग-अलग कालखंडों में इस क्षेत्र की कला को प्रभावित किया।

धार्मिक संस्थानों और स्थलों ने मूर्तिकला, हस्तलिखित ग्रंथों की सजावट, वास्तुकला और चित्रकला के विकास के लिए अवसर प्रदान किए। चित्र अक्सर धार्मिक कथाओं और घटनाओं को लोगों तक पहुँचाने का माध्यम बने। इस प्रकार कला केवल सौंदर्य की वस्तु नहीं रही, बल्कि ज्ञान और स्मृति को सुरक्षित रखने का साधन भी बनी।

सिख धर्म के उदय और विकास के साथ पंजाब में एक नई सांस्कृतिक और दृश्य परंपरा विकसित हुई। सिख गुरुओं, सिख इतिहास, ऐतिहासिक स्थलों, योद्धाओं और महत्वपूर्ण घटनाओं से जुड़े चित्रों ने पंजाब की सामूहिक स्मृति को दृश्य रूप प्रदान किया।

मुगल और क्षेत्रीय प्रभाव

मुगल काल का उत्तर भारत की चित्रकला पर गहरा प्रभाव पड़ा। मुगल कलाकारों ने चित्रांकन में सूक्ष्मता, व्यक्तिचित्र, दरबारी दृश्य, प्रकृति, पौधों और पशुओं के अध्ययन को नई ऊँचाई दी। उनकी कला में बारीक रेखाओं, कोमल रंगों और विस्तृत चित्रण की विशेषता दिखाई देती है।

पंजाब अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण मध्य एशिया, फारसी क्षेत्र और भारतीय उपमहाद्वीप की विभिन्न संस्कृतियों के संपर्क में रहा। इसलिए यहाँ की कला में स्थानीय और बाहरी प्रभावों का सुंदर मेल दिखाई देता है।

इन प्रभावों ने किसी एक शैली को जन्म नहीं दिया, बल्कि एक व्यापक कलात्मक वातावरण तैयार किया, जिसमें स्थानीय परंपराओं के साथ नई तकनीकें और सौंदर्यबोध विकसित हुए। प्राकृतिक दृश्य, इमारतें, फूल, पक्षी, पशु और मानव आकृतियाँ कलाकारों के महत्वपूर्ण विषय बने।

पहाड़ी और सिख चित्रकला

पंजाब से लगे पहाड़ी क्षेत्रों में लघु चित्रकला की कई महत्वपूर्ण शैलियाँ विकसित हुईं। व्यापक पहाड़ी चित्रकला परंपरा में धार्मिक कथाओं, प्रेम, प्रकृति, काव्य और मानवीय भावनाओं को अत्यंत सुंदरता से प्रस्तुत किया गया।

कांगड़ा शैली में प्राकृतिक दृश्यों और मानवीय भावनाओं का अत्यंत कोमल तथा काव्यात्मक चित्रण मिलता है। राधा-कृष्ण, प्रेम-काव्य और पौराणिक कथाएँ इसके प्रमुख विषय रहे।

दूसरी ओर, सिख चित्रकला ने सिख गुरुओं, सिख योद्धाओं, ऐतिहासिक घटनाओं और राजसी जीवन को चित्रों में संरक्षित किया। ये चित्र केवल व्यक्तियों के चित्र नहीं थे, बल्कि इतिहास, वेशभूषा, हथियारों, वास्तुकला और सामाजिक जीवन के दृश्य दस्तावेज भी बने।

महाराजा रणजीत सिंह के समय लाहौर एक महत्वपूर्ण राजनीतिक और सांस्कृतिक केंद्र बना। दरबारी कला में शासकों, सैनिकों, दरबारों और महत्वपूर्ण घटनाओं के चित्र बनाए गए। इसी दौर में यूरोपीय कलात्मक प्रभाव भी पंजाब तक पहुँचे।

लाहौर÷ कला का महत्वपूर्ण केंद्र

पंजाब के सांस्कृतिक इतिहास में लाहौर का विशेष स्थान है। ऐतिहासिक इमारतों, उद्यानों, शिक्षण संस्थानों, प्रकाशन और कलात्मक गतिविधियों ने इस शहर को एक महत्वपूर्ण बौद्धिक तथा कलात्मक केंद्र बनाया।

औपनिवेशिक काल में पश्चिमी अकादमिक कला-तकनीकों और औपचारिक कला-शिक्षा का प्रभाव बढ़ा। ड्राइंग, परिप्रेक्ष्य, यथार्थवादी व्यक्तिचित्र और नई तकनीकें कलाकारों के काम का हिस्सा बनने लगीं।

इस दौर में परंपरा और आधुनिकता के बीच एक नया संवाद शुरू हुआ। कलाकारों को अपनी स्थानीय कलात्मक परंपराओं और पश्चिमी कला-विचारों के बीच संतुलन बनाना पड़ा। इसी संवाद ने आधुनिक कला की नई दिशाओं के लिए आधार तैयार किया।

विभाजन और पंजाब की बदलती कला

1947 का विभाजन पंजाब के इतिहास की सबसे बड़ी घटनाओं में से एक था। पंजाब राजनीतिक और भौगोलिक रूप से दो हिस्सों में विभाजित हुआ। बड़े पैमाने पर हुए पलायन और विस्थापन ने लोगों के जीवन, परिवारों, शहरों और सांस्कृतिक संबंधों को बदल दिया।

# जब तंदुरुस्ती का सामना प्रदूषण से हो- फेफड़ों की रक्षा कैसे करें

**डॉ. विजय गर्ग**

व्यायाम शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने की सबसे अच्छी आदतों में से एक है। पैदल चलना, दौड़ना, साइकिल चलाना, जॉगिंग, बाहरी खेल और अन्य शारीरिक गतिविधियाँ हृदय को मजबूत करती हैं, रक्त संचार को बेहतर बनाती हैं, मांसपेशियों को मजबूत करती हैं, स्वस्थ शरीर का वजन बनाए रखने में मदद करती हैं और तनाव कम करती हैं। लेकिन व्यायाम करते समय एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय कारक को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए–वह है हमारे द्वारा सांस के माध्यम से अंदर ली जाने वाली हवा की गुणवत्ता।

जब हम व्यायाम करते हैं, विशेषकर तेज या अधिक मेहनत वाले व्यायाम के दौरान, हमारी सांस तेज और गहरी हो जाती है। कई बार हम मुंह से भी अधिक सांस लेते हैं, जिससे अधिक हवा फेफड़ों तक पहुंचती है। यदि आसपास की हवा में सूक्ष्म कण, ओजोन, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड और अन्य प्रदूषक अधिक मात्रा में मौजूद हों, तो श्वसन तंत्र में प्रवेश करने वाले प्रदूषकों की मात्रा भी बढ़ सकती है। इसलिए प्रदूषित वातावरण में कब, कहां और कैसे व्यायाम करना है, यह बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है।

हालांकि, इसका समाधान शारीरिक गतिविधि को छोड़ देना नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि हम समझदारी से व्यायाम करें और प्रदूषित हवा के अनावश्यक संपर्क को कम करें।

व्यायाम से प्रदूषण का संपर्क क्यों बढ़ सकता है?

आराम की स्थिति में व्यक्ति सामान्यतः धीमी और कम गहरी सांस लेता है। व्यायाम के दौरान शरीर की ऑक्सीजन की आवश्यकता बढ़ जाती है और सांस तेज तथा गहरी हो जाती है। इसके परिणामस्वरूप व्यायाम के दौरान अंदर ली जाने वाली हवा की कुल मात्रा सामान्य दैनिक गतिविधियों की तुलना में कई गुना अधिक हो सकती है।

इसका अर्थ है कि भारी यातायात वाली सड़क के किनारे दौड़ना, धुएं से प्रभावित क्षेत्र में व्यायाम करना या खराब वायु गुणवत्ता के दौरान बाहर व्यायाम करना प्रदूषकों के संपर्क को काफी बढ़ा सकता है।

बहुत सूक्ष्म कण, विशेष रूप से पीएम2.5, विशेष चिंता का विषय हैं, क्योंकि इनके छोटे कण श्वसन तंत्र के भीतर गहराई तक पहुंच सकते हैं। ओजोन और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड जैसे अन्य प्रदूषक श्वसन मार्ग में जलन पैदा कर सकते हैं और सांस से संबंधित लक्षणों को बढ़ा सकते हैं।

अस्थमा, लंबे समय से चली आ रही श्वसन संबंधी समस्याओं या हृदय रोग वाले लोग, बच्चे और बुजुर्ग प्रदूषित हवा के प्रभावों के प्रति अधिक संवेदनशील हो सकते हैं। हालांकि, खराब वायु गुणवत्ता स्वस्थ लोगों को भी प्रभावित कर सकती है।

व्यायाम से पहले हवा की गुणवत्ता जांचें

सबसे सरल और उपयोगी सावधानियों में से एक है–बाहर व्यायाम शुरू करने से पहले हवा की गुणवत्ता की जांच करना।

मौसम सेवाओं, सरकारी वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणालियों और एयर-क्वालिटी ऐप्स के माध्यम से हवा की गुणवत्ता की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। वायु गुणवत्ता सूचकांक यह समझने में मदद करता है कि किसी समय बाहरी गतिविधि के लिए परिस्थितियां कितनी उपयुक्त हैं।

पर्यावरणीय परिस्थितियों की परवाह किए बिना हर दिन एक ही समय और एक ही प्रकार का व्यायाम करने के बजाय लचीली दिनचर्या बनाना बेहतर है। यदि प्रदूषण का स्तर अधिक है, तो बाहर दौड़ने के स्थान पर घर के अंदर पैदल चलना, स्ट्रेंथ ट्रेनिंग, स्ट्रेचिंग, योग या अन्य व्यायाम किए जा सकते हैं।

तंदुरुस्ती एक दीर्घकालिक लक्ष्य होना चाहिए, न कि फेफड़ों को अनावश्यक रूप से प्रदूषित हवा के संपर्क में लाने का कारण।

सही समय चुनें

वायु प्रदूषण का स्तर दिन के अलग-अलग समय में काफी बदल सकता है। यातायात, मौसम, धूप, तापमान और हवा के प्रवाह जैसे कारक प्रदूषकों की मात्रा को प्रभावित कर सकते हैं।

यह मान लेना उचित नहीं है कि सुबह या शाम का समय हमेशा व्यायाम के लिए सबसे सुरक्षित होता है। इसके बजाय स्थानीय वायु गुणवत्ता की वर्तमान स्थिति की जांच करके वह समय चुनना चाहिए जब प्रदूषण अपेक्षाकृत कम हो।

यह उन क्षेत्रों में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है जहां मौसमी धुआं, कृषि अवशेष जलाना, भारी यातायात या हवा के कम प्रवाह के कारण प्रदूषण जमा हो जाता है।

व्यायाम के लिए स्थान का चयन भी महत्वपूर्ण है : आप कहां व्यायाम करते हैं, यह कई बार उतना ही महत्वपूर्ण होता है जितना कि आप कब व्यायाम करते हैं।

**प्रान्तीय कार्यालय :** 76 शबरी कॉम्पलेक्स, एम.पी. नगर जोन-2 भोपाल, फोन : 0755-2579530
**प्रान्तीय ब्यूरो प्रमुख :** एल.एन. तवर, 9827781209
**प्रान्तीय ब्यूरो :** डॉ. जानकी अहिरवार 9406580345
Email:shramsadhnagwl@gmail.com

# सुशांत सिंह राजपूत मृत्यु प्रकरण की न्यायिक जांच की मांग

**सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता संजीव कुमार सिंह ने राष्ट्रपति महोदया को भेजी याचिका, सर्वोच्च न्यायालय या बॉम्बे हाईकोर्ट के वर्तमान न्यायाधीश की अध्यक्षता में न्यायिक आयोग गठित करने का अनुरोध**

**नई दिल्ली, संजय सिंह।**

भारत के महामहिम राष्ट्रपति महोदया से न्यायहित में न्यायिक आयोग गठित कराने का अनुरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट ऑफ़ इंडिया के एडवोकेट संजीव कुमार सिंह ने कहा कि फिल्म अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत और उनकी पूर्व प्रबंधक दिशा सालियान की मृत्यु से जुड़े मामलों की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर भारत के महामहिम राष्ट्रपति महोदया



को याचिका भेजी है। याचिका में दोनों प्रकरणों की समग्र जांच के लिए न्यायिक आयोग गठित करने तथा आयोग की अध्यक्षता सर्वोच्च न्यायालय अथवा बॉम्बे हाईकोर्ट के किसी वर्तमान माननीय न्यायाधीश महोदय से कराने का अनुरोध किया गया है।

इस सम्बन्ध में सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता संजीव कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 10 सितम्बर को महामहिम राष्ट्रपति महोदया के सचिवालाया से महाराष्ट्र सरकार के मुख्य सचिव को सुशांत सिंह राजपूत मामले में दी गयी याचिका पर करवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। अब हम मुंबई महाराष्ट्र जाकर महाराष्ट्र सरकार के मुख्यमंत्री सचिव, महामहिम राज्यपाल महोदय और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फंडावीस से मुलाक़ात करेंगे।

उन्होंने कहा कि जांच स्वतंत्र, निष्पक्ष और साक्ष्य आधारित होनी चाहिए, ताकि मृत्यु से जुड़े सभी महत्वपूर्ण तथ्यों की निष्पक्ष पड़ताल हो सके और वास्तविक स्थिति सामने आ सके। जांच के निष्कर्षों के आधार पर दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कानून के अनुरूप कार्रवाई किए जाएं।

**दिशा सालियान प्रकरण से जुड़े तथ्यों की भी जांच की मांग:** याचिका में सुशांत सिंह राजपूत की जून 2020 में मुंबई के बांद्रा स्थित आवास पर हुई मृत्यु का उल्लेख करते हुए उन्होंने आगे कहा कि पूर्व में हुई जांच की प्रक्रिया पर कई गंभीर सवाल उठे हैं। इस याचिका में मृत्यु की परिस्थितियों की नए सिरे से न्यायिक समीक्षा कराने की मांग की गयी है। साथ ही दिशा सालियान की मृत्यु के मामले को भी जांच के दायरे में शामिल कर दोनों घटनाओं के बीच किसी संभावित आपराधिक संबंध की तथ्यात्मक जांच किए जाने का आग्रह भी किया गया है। उन्होंने कहा कि दिशा सालियान की मृत्यु से संबंधित जांच में सामने आने वाले स्त्रोतों एवं साक्ष्यों से सुशांत सिंह राजपूत की मृत्यु के मामले में भी महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं। इसी आधार पर दोनों मामलों की अलग-अलग जांच के साथ उनके संभावित संबंधों की भी स्वतंत्र न्यायिक समीक्षा की आवश्यकता है।

**पूर्व जांच और पोस्टमार्टम प्रक्रिया पर सवाल:** उन्होंने यह भी कहा कि वर्ष 2020 और 2021 के दौरान मुंबई पुलिस तथा केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की जांच अपेक्षित रूप से निष्पक्ष नहीं रही। इसमें पोस्टमार्टम रिपोर्ट तैयार किए जाने की प्रक्रिया तथा पोस्टमार्टम के दौरान वीडियोग्राफी नहीं किए जाने को लेकर भी गंभीर सवाल उठे हैं। उन्होंने अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती सहित अन्य लोगों की कथित भूमिका की भी निष्पक्ष जांच किए जाने की मांग की है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जांच के दौरान उपलब्ध साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर यदि किसी व्यक्ति की आपराधिक भूमिका प्रमाणित होती है, तो उसके विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। संजीव कुमार सिंह एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के सीनियर एडवोकेट हैं। निर्भया केस, राम मंदिर केस, हाथरस रेप केस, शंकराचार्य केस, भरत तिवारी केस, बंटी यादव केस, जेसिका लाल केस, बीएमडब्ल्यू केस, यूपी फर्जी एनकाउंटर केस, व अन्य कई बड़े बड़े केस में मुख्य भूमिका है। और संजीव कुमार सिंह इस देश के सबसे बड़े सुप्रीम कोर्ट के वकील माननीय श्री राम जेठ मालानी जी के साथ भी काम कर चुके हैं।

## विश्वकर्मा समाज के महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा का सपा प्रमुख अखिलेश यादव कद बढाकर दिया सम्मान

**वाराणसी, जीएनएस।**

बड़ा गणेश ÷लोहटिया÷ निवासी एवं विश्वकर्मा समाज के महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ÷विश्वकर्मा÷ को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी का उ.प्र.का नव नियुक्त सचिव बनाया है 7 सपा नेता विष्णु शर्मा पूर्व मे महानगर संगठन मे महानगर अध्यक्ष भी रह चुके है उनके द्वारा लगातार संगठन के प्रति ईमानदारी एवं परिश्रम को देखते हुए जनवरी 2024 मे राज्य कार्यकारिणी मे सदस्य बनाया गया था वह लगातार जनता के बीच रहते हुए हर आन्दोलन मे प्रमुख भूमिका का निर्वहन करते रहे उनके



परिश्रम एवं पार्टी के प्रति सच्ची निष्ठा को देखते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उन्हे नई दायित्व सौपते हुए उ0प्र0 का सचिव नियुक्त करने से से विश्वकर्मा समाज के लोगो के साथ पार्टी कार्यकर्ता उत्साहित है उनके मनोनयन पर अधिकारीयो ने भी उन्हे फोन कर बधाई दिया 7

बधाई देने वालो मे प्रमुख रूप से सासंद विरेन्द्र सिंह,पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा, पूर्व मंत्री मनोज राय धुपचंडी,पूर्व मंत्री सुरेंद्र पटेल,एमएलसी आशुतोष सिन्हा, नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव,पूर्व विधायक अब्दुल समद अंसारी,सपा जिलाध्यक्ष सुजीत यादव ÷लक्कड़ ÷,अभिषेक विश्वकर्मा,हरिशंकर विश्वकर्मा, लक्ष्मीकांत मिश्रा उर्फ किशमिश गुरू, लालू यादव,अनवारूल हक अंसारी, किशन दिक्षित,पूजा यादव,डॉ ओपी सिंह, रिजवान अंसारी,विकास यादव ÷बच्चा ÷, हारून अंसारी,पार्षद मुमताज खान आदि लोगो ने बधाई दिया है।

## महंत ने मेडिकल दुकान का किया उद्घाटन

**जालौन, जीएनएस।**

कालपी नगर के मोहल्ला राजघाट में शिवम मेडिकल स्टोर का विधिवत शुभारंभ किया गया। मेडिकल स्टोर के उद्घाटन अवसर पर तिगरेश्वर मंदिर के महंत बालकृष्णपुरी महाराज ने फीता काटकर प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया। इस दौरान मौजूद लोगों ने प्रोपराइटर शिवम तिवारी को नए प्रतिष्ठान के शुभारंभ पर शुभकामनाएं दीं।

मेडिकल स्टोर के संरक्षक बब्बू दीक्षित (लम्बरदार), मैनुपुर ने बताया कि प्रतिष्ठान पर ग्राहकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। यहां विभिन्न प्रकार की दवाइयां उपलब्ध रहेंगी और ग्राहकों को दवाइयों पर 15 से 20 प्रतिशत तक की छूट दिए जाने की बात




कही गई उद्घाटन समारोह में कल्लू दीक्षित, कन्हैया दीक्षित, परशुराम निषाद, राघवेंद्र सिंह, जयकिशोर तिवारी, डॉ. सुरेंद्र धर्मपुर, डॉ. गोपाल द्विवेदी, डॉ. अमर सिंह पाल गुढ़ा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने प्रतिष्ठान के सफल संचालन की शुभकामनाएं दीं प्रोपराइटर शिवम तिवारी ने कहा कि मेडिकल स्टोर के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को उनकी जरूरत की दवाइयां आसानी से उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्राहकों को निर्धारित नियमों के अनुसार दवाइयां उपलब्ध कराने के साथ उचित मूल्य और छूट का भी ध्यान रखा जाएगा।

## अपराधियों के खिलाफ गुरुग्राम पुलिस की जीरो टॉलरेंस की सख्त कार्यवाही

**अपराधी के अवैध मकान और चला गुरुग्राम पुलिस का बुलडोजर।**

**प्राण शर्मा**

**गुड़गांव ।** जीरो टॉलरेंस नीति के तहत गुरुग्राम पुलिस भूमि माफियाओं और आदतन अपराधियों के खिलाफ एक सटीक एवं सशक्त अभियान चलाते हुए शहर में अपराध से अर्जित की गई कमाई से किए गए निर्माण, अवैध कमाई के लिए अवैध कब्जों के संगठित नेटवर्क पर करारा प्रहार कर रही है।

पुख्ता खुफिया सूचना के आधार पर नाहरपुर रूपा, गुरुग्राम में अपराधी/बदमाशी के अवैध निर्माण की पहचान कर भारी मशीनरी की सहायता से पूरी तरह ध्वस्त किया गया।

जिससे भूमि को उसके मूल स्वरूप में बहाल किया गया।

इस कार्यवाही में अपराधी -कुख्यात गैंगस्टर कौशल चौधरी निवासी नाहरपुर रूपा, गुरुग्राम को चिन्हित किया गया।

कुख्यात गैंगस्टर कौशल चौधरी पर हत्या करने, हत्या का प्रयास करने, शस्त्र अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं के तहत 06 दर्जन से भी अधिक अभियोग गुरुग्राम में अंकित है।

गैंगस्टर कौशल चौधरी द्वारा अवैध रूप से जमीन पर कब्जा कर लगभग 150 वर्ग गज में अवैध रूप से मकान का निर्माण किया हुआ था। तथा इसका उपयोग संगठित अपराध गतिविधियों के संचालन एवं विस्तार के लिए किया।

इस मामले में जांच में यह भी सामने आया कि उपरोक्त आरोपी ने अवैध रूप से मकान बनाकर उससे अवैध रूप से किराया वसूला और उसका उपयोग संगठित अपराध गतिविधियों के संचालन एवं विस्तार के लिए किया।

यह कार्यवाही अपराध शाखा मानेसर, गुरुग्राम द्वारा संबंधित विभागों के समन्वय से की गई। पुलिस की कड़ी निगरानी में सभी अवैध संरचनाओं को हटाकर भूमि को पूर्ण रूप से मुक्त कराया गया तथा पूरे अभियान के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखी गई।

गुरुग्राम पुलिस सार्वजनिक भूमि की सुरक्षा, कानून व्यवस्था बनाए रखने और नागरिकों को शोषण से बचाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि ऐसे खुफिया-आधारित सख्त अभियान भविष्य में और अधिक तीव्रता के साथ जारी रहेंगे।

## छात्राओं ने रंगों व कूची से उकेरी 'मेरे सपनों के भारत' की तस्वीर

**ग्वालियर।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गुरुवार को शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, ग्वालियर में ÷मेरे सपनों का भारत÷ विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 80 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रंगों व कूची के माध्यम से अपने सपनों के भारत की सुंदर तस्वीर उकेरी। छात्राओं को प्रतियोगिता के लिए आवश्यक सामग्री संस्था की ओर से निःशुल्क उपलब्ध कराई ।

## प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन की यात्रा जन-जन तक पहुंचाएगी भाजपा

**वाराणसी, जीएनएस।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान - 2026' के तहत वाराणसी जिले में विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियां तेज कर दी गई हैं 7 अभियान के अंतर्गत 'नमो सेवा - अनकही कहानियां' कार्यक्रम के माध्यम से 17 सितंबर से 15 अक्टूबर तक जिले की प्रत्येक विधानसभा में 28 प्रमुख स्थानों पर नुक्कड़ नाटकों का मंचन तथा एक नाट्य मंचन किया जाएगा 7 भाजपा जिलाध्यक्ष राम शकल पटेल के दिशा निर्देशन में आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों को लेकर सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई 7 पत्रकार वार्ता में वाराणसी जिलाध्यक्ष राम शकल पटेल ने बताया कि नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन,उनकी सेवा,समर्पण, अंत्योदय की भावना और राष्ट्र निर्माण के लिए किए गए कार्यों की 25 वर्षों की यात्रा को जन-जन



तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है 7 उन्होंने बताया कि सेवा संकल्प अभियान 17 सितंबर से 15 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है 7 इसी क्रम में सांस्कृतिक एवं वैचारिक कार्यक्रमों के तहत नुक्कड़ नाटक मंडलियों द्वारा बाजारों,चौराहों,हाट-बाजारों तथा अन्य भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर प्रस्तुतियां दी जाएंगी। नाटकों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बचपन से लेकर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में उनके संघर्ष,गरीब कल्याण की योजनाओं,काशी के विकास, स्वच्छता अभियान,डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे विषयों को रोचक एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा 7 पार्टी की ओर से सभी मंडल अध्यक्षों, शक्ति केंद्र संयोजकों,मोर्चा-प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सभी 28 निर्धारित स्थानों पर समय से उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिए गए हैं

जिलाध्यक्ष ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत नुक्कड़ नाटकों के अलावा स्वच्छता अभियान,रक्तदान शिविर,वृक्षारोपण,दिव्यांग सहायता शिविर और बुद्धिजीवी सम्मेलन जैसे विभिन्न सामाजिक एवं जनसरोकार से जुड़े कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।


मध्यप्रदेश
बदल रहा है...
यह बदलाव अब सफर में भी दिखेगा
स्मार्ट, सुविधाजनक, सुरक्षित सफर और समय की बचत,
गांव से शहर तक, घर से काम तक, स्कूल और कॉलेज तक,
सपनों से उनकी मंजिल तक एक भरोसेमंद सफर...
मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा
पीएम ई-बस सेवा
आज शुभारंभ
मुख्य अतिथि
नितिन गडकरी
केंद्रीय मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय
अध्यक्षता
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
दशहरा मैदान, बीएचईएल, भोपाल
अंतर-नगरीय एवं अंतर-राज्यीय सेवा
3,500+ मार्गों पर अगले 5 वर्ष में
15,000+ सार्वजनिक परिवहन बसों का चरणबद्ध विस्तार,
छोटे कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों तक होगा हर सफर आसान
पूरे प्रदेश में होंगे आधुनिक, सुविधाजनक, बस स्टॉप,
बस टर्मिनल्स एवं निजी बस ऑपरेटर्स हेतु बस डिपो
सम्पूर्ण प्रदेश में बेहतर कनेक्टिविटी नेटवर्क
ऐसा एकीकृत परिवहन तंत्र, जो यात्रा के समय को कम करेगा
और सफर को अधिक सुगम बनाएगा
तकनीक के साथ सुरक्षा, सुविधा और भरोसा
आपात स्थिति में तत्काल सहायता के लिए पैनिक बटन की सुविधा
ड्रायवर मॉनिटरिंग व CCTV कैमरे से स्मार्ट सुरक्षा व्यवस्था
रीयल-टाइम बस ट्रैकिंग, विश्व स्तरीय यात्री सुविधाओं से लैस
ऑनलाइन टिकिटिंग
• UPI • डेबिट/क्रेडिट कार्ड
• NCMC कार्ड • नकद भुगतान
पर्यावरण-अनुकूल आधुनिक बसें
EV और CNG बसों को प्राथमिकता
24×7 कस्टमर केयर
यात्री फीडबैक के आधार पर शिकायतों
एवं समस्याओं का त्वरित समाधान
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhypradesh @jansamparkMP
JansamparkMP
D-11123/26
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026

### अनिल त्रिपाठी की मां और सुघर सिंह पवैया के बड़े भाई के निधन पर घर पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

# विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने भाजपा नेताओं के परिजनों के निधन पर जताया शोक

**ग्वालियर जीएनएस**

मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने ग्वालियर प्रवास के दौरान भाजपा नेताओं के परिजनों के निधन पर उनके निवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दिवंगतों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया।

तोमर सबसे पहले भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व पार्षद अनिल त्रिपाठी की माता स्वर्गीय ज्ञानवती त्रिपाठी के निधन पर बलवंत नगर, ठाटीपुर स्थित उनके निवास पहुंचे। उन्होंने दिवंगत के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और परिजनों से मुलाकात की।

इसके बाद तोमर भाजपा के वरिष्ठ नेता सुघर सिंह पवैया के बड़े भाई स्वर्गीय सोबरन सिंह पवैया के निधन पर पान पत्ते की गोट, लश्कर स्थित उनके निवास पहुंचे। यहां उन्होंने दिवंगत के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की।

इस दौरान पूर्व विधायक एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामबरन सिंह गुर्जर, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के पूर्व सदस्य अशोक जैन, पूर्व पार्षद सतीश बोहरे एवं दिनेश दीक्षित और मंडल अध्यक्ष शिवसिंह यादव ने भी दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की।



### नया बाजार में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर जताई खुशी

# आशीष उषा अग्रवाल के राष्ट्रीय मीडिया संयोजक बनने पर मिष्ठान्न वितरण

**ग्वालियर जीएनएस**



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता आशीष उषा अग्रवाल को पार्टी का राष्ट्रीय मीडिया संयोजक नियुक्त किए जाने पर नया बाजार में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने मिष्ठान्न वितरण कर खुशी जताई। इस दौरान आतिशबाजी भी की गई। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि आशीष उषा अग्रवाल को राष्ट्रीय स्तर पर जिम्मेदारी मिलने से मध्यप्रदेश और ग्वालियर के कार्यकर्ताओं में उत्साह है। उन्होंने कहा कि संगठन और मीडिया के क्षेत्र में उनका अनुभव पार्टी की गतिविधियों एवं कार्यों को देशभर में लोगों तक पहुंचाने में उपयोगी होगा।

कार्यक्रम में पूर्व पार्षद धर्मेन्द्र सिंह कुशवाह, जिला मंत्री अमित बंसल, महेंद्र श्रीवास्तव, प्रदेश मीडिया विभाग के नवीन चौधरी, अशोक साहू, रामदास मिश्रा, गोविंद पटसारिया, ज्ञानेंद्र भार्गव, अनूप शर्मा, लोकेश शाह और मनोज जेसवानी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।

### रिठोराकला क्षेत्र में तलाश के बाद पड़ावली गांव से दस्तयाब, एक बहन ने बताया- अपनी मर्जी से की शादी

# ऑपरेशन मुस्कान : घर से लापता दोनों बहनें मुरैना में मिलीं

**ग्वालियर जीएनएस**

थाना झांसीरोड पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत घर से बिना बताए चली गईं दो बहनों को मुरैना जिले के ग्राम पडावली से दस्तयाब किया है। दोनों बहनों के एक साथ लापता होने की सूचना पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया था।

पुलिस के अनुसार नाका चन्द्रबदनी निवासी दीपक (परिवर्तित नाम) ने 21 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 19 वर्षीय भांजी रूचि (परिवर्तित नाम) कॉलेज जाने के लिए घर से निकली थी, जबकि 18 वर्षीय भांजी प्रीती (परिवर्तित नाम) भी बिना बताए कहीं चली गई। दोनों के वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारियों में तलाश की, लेकिन उनका पता नहीं चला। मामले में थाना झांसीरोड पुलिस ने अपराध क्रमांक 297/26, धारा 140(3) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की।

दोनों बहनों के एक साथ लापता होने को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पूर्व डॉ. शिवेश सिंह बघेल के मार्गदर्शन में टीम गठित की गई। नगर पुलिस अधीक्षक विश्वविद्यालय रवि भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक शक्ति सिंह यादव ने पुलिस टीम को तलाश में लगाया। टीम ने घटना स्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की तथा मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। विवेचना के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि दोनों बहनें मुरैना जिले के रिठोराकला क्षेत्र के आसपास देखी गई हैं। इसके बाद पुलिस टीम मुरैना पहुंची और थाना रिठोराकला पुलिस की मदद से तलाश शुरू की। इसी दौरान दोनों बहनों को ग्राम पडावली से दस्तयाब कर लिया गया। पुलिस पूछताछ में रूचि ने बताया कि उसने पवन पाल से अपनी मर्जी से शादी की है और अपनी बहन प्रीती को भी साथ ले गई थी। दोनों बहनें ससुराल में रह रही थीं। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया, जहां उनके कथन दर्ज किए गए।

सराहनीय भूमिका- थाना प्रभारी निरीक्षक शक्ति सिंह यादव, उप निरीक्षक प्रकाश चौहान, महिला आरक्षक उर्मिला चतुर्वेदी, महिला प्रधान आरक्षक ऊषा टेकाम, आरक्षक पवन सिकरवार और रवि सोलंकी की भूमिका रही।

### पर्यावरण संरक्षण का संदेश

# गोपाल विद्या मंदिर में पौधरोपण कार्यक्रम



**ग्वालियर जीएनएस**

श्री गोपाल विद्या मंदिर स्कूल में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सफल युवा मंडल के अध्यक्ष अरविंद कुशवाह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि पौधे जीवन का आधार हैं और पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक नागरिक को पौधा लगाकर उसकी देखभाल भी करनी चाहिए। विद्यालय के शिक्षक राहुल गुर्जर ने कहा कि विद्यार्थियों में बचपन से ही प्रकृति के प्रति प्रेम और पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी की भावना विकसित करना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान चमन, विशाल, लोकेंद्र सहित विद्यालय के शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। सभी ने उत्साह के साथ विद्यालय परिसर में पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## रविवार 27 सितंबर को खुलेंगे बैंक

### प्रस्तावित बैंक हड़ताल के चलते वित्त मंत्रालय और रिजर्व बैंक के निर्देश, सामान्य दिनों की तरह होगा लेन-देन

**ग्वालियर जीएनएस।** ग्वालियर जिले में रविवार 27 सितंबर को सभी बैंक खुले रहेंगे। लीड बैंक अधिकारी अमिता शर्मा ने बताया कि 28, 29 और 30 सितंबर को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल को ध्यान में रखते हुए वित्त मंत्रालय और रिजर्व बैंक द्वारा रविवार को बैंक खोलने के निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि रविवार को ग्राहक सामान्य कार्यदिवस की तरह बैंकों में वित्तीय लेन-देन कर सकेंगे। बैंक शाखाओं में निर्धारित बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

# श्रीरामलीला मंचन के लिए 25 सितंबर को होगा भूमि पूजन

**ग्वालियर जीएनएस**

श्रीरामलीला समारोह समिति लश्कर ग्वालियर की ओर से इस वर्ष होने वाले श्रीरामलीला मंचन की तैयारियों की शुरुआत भूमि पूजन के साथ की जाएगी। भूमि पूजन समारोह 25 सितंबर शुक्रवार को सुबह 9 बजे श्रीरामलीला मैदान (फूलबाग मैदान), गांधी पार्क लश्कर में आयोजित होगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नारायण सिंह कुशवाह होंगे। समारोह की अध्यक्षता श्रीरामलीला समारोह समिति के अध्यक्ष राधेश्याम भाकर करेंगे। समिति पदाधिकारियों के अनुसार भूमि पूजन के बाद श्रीरामलीला मंचन से जुड़ी तैयारियों को गति दी जाएगी।

समिति की ओर से आयोजन में शहरवासियों से सपरिवार शामिल होने का आग्रह किया गया है। समिति ने श्रद्धालुओं और रामलीला प्रेमियों से निर्धारित समय पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर भूमि पूजन समारोह में सहभागिता करने की अपील की है। आयोजन को लेकर समिति द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

### महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह का दिया आमंत्रण

# मध्यदेशीय अग्रवाल समाज अध्यक्ष ने भाजपा के राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल से की सौजन्य भेंट

**शिवपुरी जीएनएस**

आगामी महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव को लेकर मध्यदेशीय अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने ग्वालियर पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल के निज निवास पर सौजन्य भेंट की। इस दौरान मध्यदेशीय अग्रवाल समाज के अध्यक्ष सुमत गुप्ता (ख्यावदा वाले), वरिष्ठ उपाध्यक्ष रिंकेश अग्रवाल, पुरानी शिवपुरी मंडल भाजपा के उपाध्यक्ष रितिक गर्ग



भटनावर वाले, प्रचार मंत्री मनीष गुप्ता, सुरेन्द्र जैन, भाजपा जिला मंत्री श्रीमती दीपा बंसल एवं शौर्य बंसल उपस्थित रहे। भेंट के दौरान समाजजनों ने आगामी महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के भव्य आयोजन में शामिल होने के लिए आशीष ऊषा अग्रवाल को सादर आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर आयोजन की तैयारियों, कार्यक्रम की रूपरेखा एवं समाज की सहभागिता को लेकर भी विस्तार से आत्मीय चर्चा हुई। समाजजनों ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों, सामाजिक एकजुटता, सेवा एवं सहयोग की भावना को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर समाजजनों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।





## माँ को कुर्सी दे दो...!

माँ को कुर्सी दे दो, इतना तो ऽसम्मानऽ रहे,
उम्र की ढलती शाम, चेहरे पर मुस्कान रहे।
राजनीति अपने स्थान, मतभेदों में बात रहे,
माँ के सम्मान से ऊपर कैसी ऽसौगातऽ रहे?
मंच पे सवाल उठें, सरकारों से जवाब माँगे,
किसी बुजुर्ग माँ पर हँसी के तीर नहीं भागें।
कहें वह मिमिक्री, हँसी–मजाक का मंच था,
सवाल ये रहता असम्मान का वह क्षण था?
कुर्सी कोई सत्ता नहीं, न कोई सिंहासन माँगे,
हाँ, थकी हुई उम्र के आगे थोड़ा आसन माँगे।
नेता आएँ, नेता जाएँ, राजनीति के रंग बदलें,
माँ के आँचल की गरिमा पे शब्द कैसे मचलें?
क्योंकि संसद की ऊँची बातें बाद में कह दो,
माँ की झुकी उम्र पर ध्यान देकर मान दे दो।
भाई, माँ को कुर्सी दे दो, माँ को सम्मान दे दो,
राजनीति जितनी हो मानवता को स्थान दे दो।

**संजय एम तराणेकर**
(कवि, लेखक व समीक्षक)

# गणेश महोत्सव में दो संस्थाओं की संयुक्त सेवा पहल 20 वर्षों से जारी है वितरण का सिलसिला

## राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. व्ही.एस. मौर्य, सेवानिवृत्त जेल अधीक्षक, श्योपुर के मार्गदर्शन में सम्पन्न होगा

**शिवपुरी, जीएनएस।** गणेश महोत्सव के अवसर पर संत रविदास लोक ट्रस्ट समिति, शिवपुरी एवं बी.पी.एम. जय हिन्द मिशन समिति, शिवपुरी द्वारा संयुक्त रूप से सामाजिक सेवा की पहल की जा रही है। दोनों संस्थाओं द्वारा हंस बिल्डिंग के पास महिला एवं बाल विकास कार्यालय के सामने स्थित मंदिर के समीप पिछले लगभग 20 वर्षों से गणेश महोत्सव के दौरान सेवा एवं वितरण कार्य किया जाता रहा है।

संस्थाओं से जुड़े पदाधिकारियों के अनुसार, इस सेवा कार्य का उद्देश्य गणेश महोत्सव के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों को सहयोग उपलब्ध कराने के साथ-साथ सामाजिक सेवा, सद्भाव और भाईचारे की भावना को मजबूत करना है। पिछले करीब दो दशकों से इस स्थान पर गणेश महोत्सव के कार्यक्रमों के बीच अलग-अलग प्रकार की आवश्यक सामग्री का वितरण किया जाता रहा है। आगामी दिनांक 25/09/2026 को समय शाम 06ः00 बजे गणेश महोत्सव के कार्यक्रमों के दौरान दोनों संस्थाओं की ओर से पानी पाउच वितरण एवं खाद्य सामग्री में नमकीन चने का वितरण किया गया। वितरण किया जाएगा। श्रद्धालुओं और आमजन को ध्यान में रखते हुए सेवा कार्य को व्यवस्थित रूप से संचालित करने की तैयारी की जा रही है।

संस्था पदाधिकारियों ने कहा कि धार्मिक आयोजनों के बीच सेवा कार्य के माध्यम से समाज में आपसी सहयोग, भाईचारा और सद्भाव का संदेश पहुंचाना इस पहल का प्रमुख उद्देश्य है। उनका कहना है कि लंबे समय से चली आ रही इस परंपरा को आगे भी जारी रखते हुए जरूरत के अनुसार आमजन के लिए सेवा कार्य किए जाएंगे।

संत रविदास लोक ट्रस्ट समिति और बी.पी.एम. जय हिन्द मिशन समिति की इस संयुक्त पहल में पदाधिकारी, सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता सहयोग करेंगे। जिसमें बी.पी.एम. जय हिन्द मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चार बार राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉ. व्ही.एस. मौर्य, सेवानिवृत्त जेल अधीक्षक, श्योपुर, वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री फैय्याज खान, सेवानिवृत्त कमांडेंट (ढ्ढञ्जक्च करैरा), संत रविदास ट्रस्ट शिवपुरी के अध्यक्ष डॉ. कपिल मौर्य, महासचिव एवं प्राचार्य विनोद धाकड़ (अम्बेश पब्लिक स्कूल शिवपुरी), उपाध्यक्ष श्रीमती माया मौर्य (एफ.जी.सी. 2 शिवपुरी) तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. डी.एस. मौर्य (सेवानिवृत्त जेल अधीक्षक, श्योपुर) सहित अन्य पदाधिकारी के साथ समिति की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सुषमा पाण्डे, जिलाध्यक्ष प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, प्रधान सम्पादक गूंजता भारत एवं मीडिया प्रभारी माणिका शर्मा, सदस्य सुशीला जाटव, मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र विकल, मीडिया प्रभारी नीरज (छोटू) पत्रकार, मीडिया प्रभारी माणिकान्त शर्मा पत्रकार, मीडिया प्रभारी राजू (ग्वाले) यादव पत्रकार, मीडिया प्रभारी डॉ. विजय निराला पत्रकार, मीडिया प्रभारी जसमन सिंह मौर्य सहायक संपादक दैनिक श्रमसाधना समाचार शिवपुरी, लवकुश धाकड़ (बैरौड़) तथा बबलू धाकड़ (पाड़रखेड़ा), राष्ट्रीय उपाध्यक्ष केशव सिंह धाकड़, महेशपुर, प्रदेश अध्यक्ष रामलखन धाकड़, गुरावल, राष्ट्रीय सचिव कुबेर सिंह धाकड़, गणेश झा, रोशनलाल, ब्यूरो चीफ जगत क्रांति, सोनीपत (हरियाणा), बंटी कुशवाह, संचालक एम.डी.सी. डांस क्लासेस, राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर उम्मेद झा, मीडिया प्रभारी गुड्डू राशिद खान, सदस्य गोपाल बाथम, बद्री ठेकेदार एक्टिवा तथा सदस्य जानकी धाकड़ सहित समिति के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहने की सम्भावना और आगामी गणेश महोत्सव के दौरान मंदिर के समीप सेवा शिविर के माध्यम से श्रद्धालुओं को पानी एवं खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।

## कक्षा 9वीं और 11वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर

**शिवपुरी।** जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2027 हेतु कक्षा 9वीं एवं 11वीं में पार्श्व प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया जारी है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए है कि जिले के सभी विकासखंडों में संचालित विद्यालयों से पात्र विद्यार्थियों का अधिक से अधिक पंजीयन सुनिश्चित कराया जाए, ताकि जिले के ग्रामीण व प्रतिभावान छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिल सके। कक्षा 9वीं एवं कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया 01 सितम्बर 2026 से प्रारंभ हो चुकी है। इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी आधिकारिक वेब पोर्टल के माध्यम से 30 सितम्बर 2026 तक अपना ऑनलाइन आवेदन दर्ज करा सकते हैं।

# ऑपरेशन के दौरान मरीज की मौत, चिकित्सकीय लापरवाही की जांच की मांग, मेडिकल रिकॉर्ड सुरक्षित कराने और स्वतंत्र मेडिकल बोर्ड से जांच की मांग

**गुना, जीएनएस।** वर्धमान मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, गुना में 14 सितंबर 2026 को उपचार एवं ऑपरेशन के दौरान मरीज मनीषा कोरी की मृत्यु के मामले में परिजनों ने चिकित्सकीय लापरवाही और उपचार में गंभीर चूक की आशंका जताई है। इस संबंध में राजकुमार पंत पिता स्व. रामभरोसे पंत, निवासी बांसखेड़ी, जिला गुना ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर मामले की निष्पक्ष एवं वरिष्ठ स्तर से जांच कराने की मांग की है।

आवेदन में कहा गया है कि मरीज का उपचार एवं ऑपरेशन अस्पताल में किया गया था और उपचार के दौरान अथवा उसके बाद उसकी मृत्यु हो गई। मृत्यु के कारण तथा उपचार के दौरान अपनाई गई चिकित्सा प्रक्रिया को लेकर परिजनों को गंभीर संदेह है। आवेदनकर्ता के अनुसार, मरीज को गुना से भोपाल ले जाने तथा वहां पोस्टमार्टम को लेकर रातभर हुई परेशानी के कारण परिजनों की मानसिक स्थिति अत्यधिक तनावपूर्ण रही, जिसके चलते पोस्टमार्टम नहीं हो सका। ऐसे में मृत्यु के कारणों का न्यायिक अथवा चिकित्सकीय परीक्षण नहीं हो पाया।

पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में अस्पताल से मरीज की पूरी मूल केस शीट, ऑपरेशन नोट, ओटी रिकॉर्ड, एनेस्थीसिया रिकॉर्ड एवं चार्ट सुरक्षित कराने की मांग की गई है। इसके अलावा वाइटल्स एवं मॉनिटरिंग चार्ट, नर्सिंग चार्ट, आईसीयू रिकॉर्ड तथा मरीज को दी गई दवाओं और इंजेक्शन से संबंधित Medication/Drug Administration Record भी जांच में शामिल करने को कहा गया है।

आवेदन में मरीज की ब्लड टेस्ट, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे, ईसीजी सहित अन्य जांच रिपोर्ट तथा परिजनों से लिए गए ष्टश्ठ्ठह्यद्दठ्ठ स्नश्हद्ब और ऑपरेशन से संबंधित दस्तावेजों की भी जांच कराने की मांग की गई है। आवेदनकर्ता ने ऑपरेशन एवं उपचार में शामिल प्रत्येक चिकित्सक की शैक्षणिक योग्यता और मेडिकल रजिस्ट्रेशन की जांच कराने की मांग की है। साथ ही अस्पताल में उपलब्ध सीसीटीवी एवं अन्य डिजिटल रिकॉर्ड को नियमानुसार सुरक्षित कराने का अनुरोध किया गया है।

सबसे महत्वपूर्ण रूप से, उपलब्ध मेडिकल रिकॉर्ड की किसी स्वतंत्र विशेषज्ञ अथवा मेडिकल बोर्ड से जांच कराने की मांग की गई है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि मरीज का उपचार और ऑपरेशन निर्धारित चिकित्सा मानकों के अनुरूप किया गया था या नहीं। आवेदन में कहा गया है कि यदि जांच के दौरान चिकित्सकीय लापरवाही, गंभीर चूक अथवा अन्य अनियमितता सामने आती है तो संबंधित डॉक्टर, अस्पताल, लैब तथा सोनोग्राफी या सीटी स्कैन सेंटर के विरुद्ध लागू कानून के अनुसार एफआईआर एवं वैधानिक कार्रवाई की जाए। आवेदनकर्ता ने आशंका जताई है कि मूल मेडिकल रिकॉर्ड में किसी प्रकार की काट-छांट अथवा परिवर्तन न हो, इसलिए सभी रिकॉर्ड को तत्काल सुरक्षित कराया जाना आवश्यक है। उन्होंने जांच में आवश्यक दस्तावेज एवं उपलब्ध अन्य साक्ष्य प्रस्तुत करने की बात भी कही है। परिजनों की ओर से पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर जांच में दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की मांग की गई है।

# वार्ड 21 में सुरक्षा व्यवस्था और लंबित शिकायतों को लेकर एसपी को ज्ञापन

**गुना, जीएनएस।** नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 21 के पार्षद रामवीर जाटव एवं वार्डवासियों ने बुधवार, 24 सितंबर को पुलिस अधीक्षक गुना को ज्ञापन सौंपकर वार्ड में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने तथा विभिन्न घटनाओं से संबंधित शिकायतों पर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कुछ स्थानीय व्यक्तियों के विरुद्ध गंभीर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त होने के आरोप लगाए गए हैं। पुलिस से इन शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की मांग की गई है।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि वार्ड 21 में रहने वाले कुछ लोगों के कारण क्षेत्र में मारपीट, लूट, अवैध शराब निर्माण सहित अन्य असामाजिक गतिविधियों का माहौल बना हुआ है। ज्ञापन में गब्बू पारदी के विरुद्ध विभिन्न थानों में कई आपराधिक प्रकरण दर्ज होने तथा पूर्व में जिलाबदर और एनएसए जैसी कार्रवाई किए जाने का भी उल्लेख किया गया है। इन दावों की पुष्टि संबंधित पुलिस रिकॉर्ड से किया जाना अपेक्षित है।

वार्डवासियों ने पुलिस अधीक्षक से वार्ड क्रमांक 21 में स्थायी पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग की है। उनका कहना है कि क्षेत्र में तहसील एवं अनुविभागीय अधिकारी के कार्यालय होने के कारण यहां आम नागरिकों का लगातार आना-जाना रहता है।

ज्ञापन में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक में पूर्व में एसी, कूलर, पंखे और पानी की टंकी आदि चोरी होने का आरोप लगाते हुए संबंधित घटना की एफआईआर दर्ज कराने की मांग की गई है। वार्डवासियों का दावा है कि इस मामले में अभी तक पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। ज्ञापन में सहरिया समुदाय के कुछ लोगों के मकानों पर कथित अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए कब्जा हटाकर प्रभावित परिवारों को पुनः स्थापित करने की मांग की गई है। इसके अलावा अहिरवार समाज की बेटियों के विवाह के दौरान बारात और दूल्हे के साथ कथित मारपीट तथा फायरिंग की घटनाओं का उल्लेख करते हुए पूर्व की घटनाओं में कार्रवाई और भविष्य में सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई।

ज्ञापन में वार्ड पार्षद रामवीर जाटव के साथ कथित रूप से 4 लाख रुपये की ठगी का मामला भी उठाया गया है। इसमें म्याना थाना पुलिस से एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है।

# डिजिटल इंडिया की राह में रोड़ा बनेगा MDR – राजेश अग्रवाल

**गुना, जीएनएस।** होटल राजश्री में कनफ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ÷कैट÷ के बैनर तले प्रदेश सचिव राजेश अग्रवाल द्वारा एक वृहद बैठक आमंत्रित की गई जिसमें कैट के साथ व्यापार एवं उद्योग महासंघ , चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ , जिला केमिस्ट एसोसिएशन , ऑटोमोबाइल एसोसिएशन , क्लॉथ मर्चेंट एसोसिएशन , सराफा एसोसिएशन , किराना एसोसिएशन , जिला उद्योग संघ , मैरिज गार्डन एसोसिएशन , वितरक संघ , गल्ला व्यापारी संघ , बिल्डिंग मैटेरियल एसोसिएशन , टाइल मारवल एसोसिएशन , पेट्रोल पंप एसोसिएशन , बर्तन व्यापारी संघ , फुटवेयर एसोसिएशन , विजयवर्गीय कॉम्प्लेक्स एसो. , बीजी रोड व्यापारी संघ , मोबाइल विक्रेता संघ , कृषि आदान संघ , ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन , इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स व्यापारी संघ , टेंट लाइट व्यापारी संघ , बोहरा कॉम्प्लेक्स व्यापारी संघ , फूड प्रोडक्शन एसोसिएशन , पुस्तक व्यापारी संघ के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे ।

कैट द्वारा आयोजित बैठक में प्रत्येक संगठन के पदाधिकारियों द्वारा सरकार द्वारा अधिरोपित इस नई कर व्यवस्था पर अपने अपने विचार व्यक्त किए गए ।




कैट के प्रदेश सचिव , व्यापार एवं उद्योग महासंघ के ज़िलाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कहा कि सरकार के इस अप्रत्याशित कदम से प्रतिस्पर्धा के इस दौर में एक और व्यापारी के ऊपर अतिरिक्त कर का बोझ बढ़ेगा जो सीधे उसकी जेब से जायेगा वहीं दूसरी ओर सरकार के डिजिटल इंडिया मिशन पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा ।

अग्रवाल ने कहा कि हम व्यापारी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और देश के निर्माण में सदैव सरकार के साथ हैं , लेकिन इस मुद्दे पर हम किसी भी प्रकार का दुष्प्रचार अथवा विरोध के माध्यम से आम उपभोक्ता एवं व्यापारियों को दिग्भ्रमित न करते हुए हमारी बात सीधे हमारे क्षेत्रीय सांसद श्री सिंधिया जी के माध्यम से , हमारे कैट के प्रदेश एवं राष्ट्रीय नेतृत्व के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री जी , देश के माननीय प्रधानमंत्री जी , माननीय वित्त मंत्री जी तक पहुँचायेंगे । हमारे कई व्यापारियों का मुनाफा सिर्फ एक से दो प्रतिशत तक भी है , ऐसे हालात में व्यापार करना बहुत कठिन हो जायेगा । सीसीआई के चेयरमैन अमित सौगानी ने विस्तार से इस अतिरिक्त भार पर जानकारी साझा की । बैठक में उपस्थित सभी संगठन प्रमुखों ने एक आवाज में स्ष्ठक्र रूपी इस अधिभार को सरकार से पुनर्विचार कर वापस लेने की मांग की है । जिनमें प्रमुख रूप से प्रधुम्न जैन, प्रदीप मित्तल , विनीत सेठ , सतीश अरोरा , रवि सोनी , विवेक अग्रवाल , मनीष भार्गव , अनुपम तिवारी , मयंक विजयवर्गीय , रीतेश अग्रवाल , दीपक जैन , रियाजुद्दीन , आनंद कृष्णानी , के.डी. राठी , जयप्रकाश जैन नवीन झा , महेश रघुवंशी , संजय अग्रवाल महू , कृष्ण कुमार नीखरा आदि।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण पर जोर, पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश

# गणेश प्रतिमा विसर्जन स्थल का डीएम-एसएसपी ने किया निरीक्षण

**फिरोजाबाद, जीएनएस।** गणेश प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए बुधवार को जिलाधिकारी और एसएसपी आदित्य लांगे ने बसई मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र में पसीने वाले हनुमान मंदिर के पास बनाए गए विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लेकर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं के आवागमन, प्रतिमा विसर्जन के निर्धारित स्थान, सुरक्षा व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण की तैयारियों को परखा गया। अधिकारियों ने घाट पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने, बैरिकेडिंग कराने और श्रद्धालुओं के आने-जाने के लिए व्यवस्थित मार्ग बनाने के निर्देश दिए। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने और विसर्जन निर्धारित स्थल पर ही सुरक्षित तरीके से कराने को कहा। एसएसपी ने पुलिस अधिकारियों को यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने, पार्किंग की उचित व्यवस्था करने और प्रमुख मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। घाट और आसपास के क्षेत्रों में लगातार गश्त और निगरानी रखने पर भी जोर दिया।

डीएम और एसएसपी ने संबंधित अधिकारियों को सभी विभागों के बीच समन्वय बनाकर काम करने के निर्देश दिए, ताकि विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

प्रशासन ने श्रद्धालुओं से निर्धारित मार्गों और विसर्जन स्थलों का ही प्रयोग करने तथा पुलिस-प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

# सशक्त नारी संस्था ने कॉलेज में बनवाए चार वॉशरूम, 24 ट्यूबलाइटें भी लगवाईं

**फिरोजाबाद, जीएनएस।** सेवा सप्ताह के तहत सशक्त नारी संस्था की ओर से राजा का ताल स्थित स्वामी शिवानंद इंटर कॉलेज में बालिकाओं की सुविधाओं के लिए चार वॉशरूम का निर्माण कराया गया। वॉशरूम ,में पानी और बिजली की व्यवस्था भी की गई। इसके अलावा कॉलेज की 12 कक्षाओं में 24 ट्यूबलाइटें लगवाई गई और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रत्येक कक्षा में डस्टबिन रखवाए गए। संस्था ने दो छात्राओं की वार्षिक फीस भी जमा कराई।

नवनिर्मित वॉशरूम का शुभारंभ फेडरेशन वाइस प्रेसिडेंट सौम्या चौहान ने रिबन काटकर किया। इस दौरान बालिकाओं के चेहरों पर खुशी दिखाई दी। कॉलेज प्रबंधन, प्राचार्य, शिक्षकों और स्टाफ ने संस्था के सेवा कार्य की सराहना करते हुए आभार जताया। संस्था की ओर से बताया गया कि सभी सदस्यों की एकजुटता, सहयोग और सेवा भावना से यह कार्य संभव हो सका। कार्यक्रम में प्रेसिडेंट निधि जैन, डीओए मेघा जैन, रीता बंसल, पूजा मित्तल, शिवाली जैन, गरिमा पाराशर, नेहा बंसल, मीनल अग्रवाल, रिचा गर्ग, जूही अग्रवाल और कीर्ति उपस्थित रहीं।

# कलेक्ट्रेट के पास बनी धन्वंतरि वाटिका, औषधीय पौधों के बारे में मिलेगी जानकारी

**फिरोजाबाद, जीएनएस।** आयुर्वेद दिवस और सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर के समीप धन्वंतरि वाटिका का शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) कल्पना जायसवाल के साथ वाटिका का शुभारंभ किया। यहां विभिन्न प्रजातियों के औषधीय पौधे लगाए जाएंगे। साथ ही उनके औषधीय गुणों की जानकारी भी प्रदर्शित की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य लोगों को आयुर्वेद के प्रति जागरूक करना और औषधीय गुणों वाली वनस्पतियों के महत्व से परिचित कराना है। वाटिका में विभिन्न औषधीय पौधों को अलग-अलग जोन में लगाया जाएगा। पौधों के नियमित अनुरक्षण की व्यवस्था भी की जाएगी, ताकि वाटिका का बेहतर रखरखाव हो सके।

उन्होंने बताया कि एलोवेरा, तुलसी सहित कई प्रमुख औषधीय पौधों के लिए विशेष जोन बनाए जाएंगे। प्रत्येक पौधे के नाम और उसके औषधीय गुणों की जानकारी प्रदर्शित की जाएगी। इससे कलेक्ट्रेट आने वाले नागरिक पौधों की पहचान करने के साथ उनके पारंपरिक उपयोगों के बारे में भी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।डीएम ने कहा कि भारतीय परंपरा और वैदिक ग्रंथों में आयुर्वेद का विशेष महत्व रहा है। धन्वंतरि वाटिका के माध्यम से लोगों को इस परंपरा और औषधीय वनस्पतियों के महत्व से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। वाटिका से कलेक्ट्रेट परिसर के सौंदर्यीकरण को भी बढ़ावा मिलेगा।

## महात्मा गांधी जी की जयंती पर एसोसिएशन ऑफ ग्वालियर यूथ सोसायटी का विशेष दो दिवसीय आयोजन, आयोजन पूर्णतः निःशुल्क

**ग्वालियर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के पावन अवसर पर एसोसिएशन ऑफ ग्वालियर यूथ सोसायटी द्वारा ÷स्वच्छता ही सेवा - आओ मिलकर बापू के सपनों को साकार करें÷ थीम पर विशेष दो दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष श्री संजय कट्ठल ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य नई पीढ़ी को बापू के स्वच्छता, सत्य और अहिंसा के विचारों से जोड़ना है। यह आयोजन पूर्णतः निःशुल्क रखा गया है।

पीड़ित मानवता की सेवा ही ईश्वर की सच्ची पूजा

# लायंस क्लब डबरा सिटी के 10वें पदस्थापना समारोह में गूंजा सेवा का संकल्प

**डबरा, जीएनएस।** समाज सेवा ही मनुष्य जीवन का सर्वोच्च ध्येय है। असहाय, निर्धन और पीड़ित मानवता की नि:स्वार्थ सेवा से बढ़कर ईश्वर की कोई दूसरी आराधना नहीं हो सकती। यह विचार लायंस क्लब डबरा सिटी के 10वें पदस्थापना समारोह में मुख्य अतिथि एमजेएफ लायन सुधीर बाजपेयी (आईपीडीजी) ने व्यक्त किए। बुधवार को नगर के एक निजी होटल में आयोजित गरिमामयी शपथ ग्रहण समारोह में क्लब की नवीन कार्यकारिणी ने जनसेवा के संकल्प के साथ विधिवत कार्यभार संभाला।



समारोह के दौरान पदस्थापना अधिकारी एमजेएफ नितिन मांगलिक (पीडीजी) और इंडक्शन ऑफिसर एमजेएफ सी.एस. तोमर (पीडीजी) ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मंच पर विशिष्ट अतिथि के रूप में एरिया लीडर अजय सपरा, रीजन चेयरमैन पीएमजेएफ राकेश अग्रवाल तथा जोन चेयरमैन-2 ब्रजेश गुप्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में वर्ष 2025-26 के निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. ध्यानेंद्र सिंह, सचिव विनोद गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष प्रदीप पांडा ने अपने कार्यकाल के दौरान आयोजित सेवा गतिविधियों व उपलब्धियों का ब्योरा प्रस्तुत किया और नई टीम को सफल कार्यकाल हेतु शुभकामनाएं दीं। इसके बाद सत्र 2026-27 के लिए नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेश सहगल, सचिव नीलेश गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष जितेन्द्र जैन को विधिवत प्रभार सौंपा गया।

पदभार ग्रहण करने के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेश सहगल ने वरिष्ठ पदाधिकारियों और सदस्यों का आभार जताते हुए कहा, ÷लायंस क्लब डबरा सिटी ने हमेशा सेवा के क्षेत्र में नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। नई टीम शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और निर्धन वर्ग के उत्थान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेगी। हमारा ध्येय शहर के अंतिम व्यक्ति तक सहायता और राहत पहुंचाना है।÷ कार्यक्रम के समापन पर शहर के कई गणमान्य नागरिक और क्लब के सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने नई कार्यकारिणी को बधाई दी।

# संकल्प बाइक यात्रा का भाजपा लोगों ने किया भव्य स्वागत

**जालौन, जीएनएस।** मोदी जन्म दिवस पर संकल्प बाईक की यात्रा का कालपी सैकड़ो भाजपाइयों ने यात्रा में चल रहे बाइक सवार लोगों का माल्यार्पण कर सर्वाधिक स्वागत किया तथा जेसीबी मशीन से फूलों की वर्षा कर अभूतपूर्व स्वागत किया।



मंगलवार की देर शाम काशी बनारस सडनगर से बाइकों में सवार युवा के संकल्प यात्रा में विभिन्न जनपदों से होती हुई जैसे ही बुंदेलखंड प्रवेश द्वार पर आई उनके स्वागत के लिए पहले से मौजूद भाजपा जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी माधवगढ़ विधायक मूलचंद पूर्व विधायक डॉक्टर अरुण मेहरोत्रा पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन निरंजन कार्यकारिणी प्रदेश सदस्य संजय त्रिपाठी पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव नगर पालिका कोच अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता विधायक पुत्र आशीष चतुर्वेदी उर्फ आशु भाजपा नगर अध्यक्ष सुबोध द्विवेदी शशिकांत सिंह कल्लू ठाकुर अशोक बाजपेई जिला उपाध्यक्ष अमित पांडे अमरदीप पांडे अंकित सिंह भारत सिंह पूर्व सभासद राजेश द्विवेदी बाबू सिंह यादव नगर उपाध्यक्ष संजय सविता राजेंद्र साहू डॉ सुरेश प्रजापति छोटू विधायक उर्फ आकाश द्विवेदी अवनीश बाजपेई बालक दास पाल अतुल गुप्ता सिंटू सूर्यपाल सिंह मंडल कोषाध्यक्ष राकेश पुरवार आशुतोष मिश्रा सर्राफा मंडल अध्यक्ष अरविंद उर्फ कल्लू सोनी कन्हैया मिश्रा सभासद राकेश यादव रविंद्र कोरी आशीष यादव रविंद्र यादव प्रदीप किशोर तिवारी सत्य प्रकाश बिश्नोई सर्वेश पुरवार दिलीप कुशवाहा ज्योति विश्वकर्मा रीतू सिंह नीरज द्विवेदी अवधेश तिवारी संदीप शर्मा मुन्ना चौधरी संजय गुप्ता श्री कृष्णा गौतम धर्मेंद्र पाल राजन सिंह हरी बाबू गुप्ता आदि सैकड़ो लोगों की मौजूदगी में जन चौपाल लगाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी समेत दोनों के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याण योजनाओं को जमकर बखान कर मौजूद लोगों को जागरूक किया इसके उपरांत बाइक सवार युवक संकल्प यात्रा में चलकर जैसे ही चौपाल पंडाल हाईवे के किनारे आए मौजूद सैकड़ो लोगों ने उनका सर्वाधिक स्वागत किया इसके उपरांत महारानी लक्ष्मीबाई पार्क समारोह प्रांगण में वृक्षारोपण कर पालन पोषण एवं सुरक्षा करने का संकल्प लिया इतना भी नहीं मौजूद लोगों को एक-एक मां के नाम वृक्ष लगाने का पुरजोर संदेश दिया स्वागत लेने के बाद बाइक सवार युवक संकल्प यात्रा को लेकर उरई के लिए कूच कर गए।

हिन्दी दैनिक
श्रमसाधना
आपकी दुःख की घड़ी में
श्रमसाधना सदैव आपके साथ है
उठावनी/रस्म पगड़ी
का प्रकाशन
निःशुल्क
सम्पर्क करें
ग्वालियर
0751-2625029
9074257600
शिवपुरी
07492-232149
8251071286
E-mail : shramsadhnagwl@gmail.com

# सब कुछ अनुकूल होने के बाद भी शिवपुरी विकास की दौड़ में क्यों पिछड़ता जा रहा है

## सांसद हैं केंद्रीय मंत्री सिंधिया, विधायक से लेकर नपाध्यक्ष जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष सभी भाजपा के

**अशोक कोचेटा**

**शिवपुरी।** पहले जब शिवपुरी में किसी भी क्षेत्र में विकास नहीं होता था तो यह कहकर पल्ला झाड़ लिया जाता था कि केंद्र और प्रदेश में अलग-अलग दलों की सरकार हैं और दोनों एक दूसरे के काम में रोड़े अटका रहे हैं। आपको याद होगा कि जब केंद्र में कांग्रेस से सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया और प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हुआ करते थे तो कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दल दूसरे की उपलब्धि को न केवल अपना बताते थे बल्कि एक दूसरे के विकास के काम में भी अड़ंगा लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ते थे इससे यह क्षेत्र विकास की दौड़ में पिछड़ जाता था। सिंध पेयजल परियोजना और मेडिकल कॉलेज के उदाहरण अपने आप में स्पष्ट हैं। इसी अड़ंगेबाजी के कारण 100 करोड़ रुपए से अधिक की सिंध पेयजल परियोजना का पानी अभी तक शिवपुरी के घर-घर तक नहीं पहुंच पाया हैं। लेकिन आज स्थिति बिल्कुल दूसरी हैं। केन्द्र और प्रदेश के प्रत्येक सत्ता शिखर पर भाजपा का कब्जा हैं। यहां के सांसद भाजपा नेता और केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया हैं । विधायक भी भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेन्द्र जैन हैं। शिवपुरी जिले की पांच विधानसभा सीटों में से सिर्फ पोहरी को छोड़कर शेष चारों विधानसभा सीटों पर भाजपा विधायक काबिज हैं। नगर पालिका अध्यक्ष के महत्वपूर्ण पद पर भी पूर्व मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया की चहेती भाजपा नेत्री गायत्री शर्मा आसीन हैं। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य ड्क्षसधिया की कट्टर अनुयायी नेहा यादव पद पर बनी हुई हैं। सिंधिया समर्थक हेमलता रघुवीर रावत जनपद अध्यक्ष पद संभाले हुए हैं। इतना ही नहीं बल्कि विपक्षी दल कांग्रेस में भी अब वह गर्र्मी नहीं बची हैं और भाजपा का रास्ता बिल्कुल साफ हैं और वह किसी भी तरह से यह कहने से बच नहीं सकती कि उसके विकास कार्यो का कोई विरोध कर रहा हैं। लेकिन इसके बाद भी विकास की दौड़ में पिछड़ा निश्चित रूप से चिंता का विषय हैं और यह केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य ड्क्षसंधिया के लिए भी व्यक्तिगत चिंता का सवाल हैं। गुना के उनके हाल के दौरे में जिस तरह की घटनाएं सामने आई थी उन्हें यह कहकर बचना गलत हैं कि उक्त घटनाऐं किसी षड्यंत्र के कारण हुई हैं। बल्कि उनसे सबक लेने की आवश्यकता हैं।



केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य ड्क्षसधिया को भाजपा में आए लगभग 6 वर्ष होने को हैं। इसके पूर्व वह कांग्रेस में थे और कांग्रेस की जब 2004 से 2014 तक सत्ता थी तब श्री सिंधिया पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की कैबिनेट टीम में शामिल थे। उन्हें राहुल गांधी का सखा माना जाता था और यह जनचर्र्चा थी कि श्रीमती सोनिया गांधी उन्हें पुत्रवत स्नेह करती थी। श्री सिंधिया अपने पिता स्व. माधवराव सिंधिया के असमायिक निधन के बाद अचानक राजनीति में आए और सिंधिया परिवार के प्रभाव के बलबूते वह आसानी से उप चुनाव जीत गए और फिर 2004 से 2014 तक गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र से लगातार कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीतते रहे। उस समय प्रदेश में भाजपा की सत्ता थी और मुख्यमंत्री पद पर शिवराज सिंह चौहान आसीन थे। सांसद भले ही कांग्रेस प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया रहे हों लेकिन उस दौरान विधायक पद पर अधिकांश समय उनकी बुआ यशोधरा राजे सिंधिया विजयी होती रही थीं। हां एक तो ग्वालियर लोकसभा चुनाव लड़ते समय उन्होंने 2007 में विधायक पद से इस्तीफा दिया था। तब उनकी प्रत्याशी चयन में नाराजगी के कारण कांग्रेस के वीरेन्द्र रघुवंशी विजयी हुए थे और उन्हें विजयी बनाने में मुख्य भूमिका केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की रही थी।

इसके बाद 2009 के चुनाव में यशोधरा राजे के समर्थन से भाजपा प्रत्याशी माखनलाल राठौर विजयी रहे थे। लेकिन इसके बाद लगातार भाजपा प्रत्याशी यशोधरा राजे सिंधिया शिवपुरी से विजयी होती रहीं। उस दौरान इस कारण से कांग्रेस और भाजपा की राजनीति में संतुलन की स्थिति लगातार बनी रही और दोनों ही दल एक दूसरे को नीचा दिखाने के लिए विकास की दौड़ में बढ़चढ़ कर भाग लेते रहे। उसी समय शिवपुरी के लिए महत्वपूर्ण सिंध पेयजल परियोजना मंजूर हुई और इसका श्रेय ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ-साथ यशोधरा राजे सिंधिया ने भी लिया। वहीं मेडिकल कॉलेज की जब घोषणा हुई तो उस समय कांग्रेस नेता ज्योतिरादित्य ड्क्षसधिया ने इसे अपना श्रेय बताया और कहा कि उन्होंने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री गुलाम नबी आजाद से इस योजना को मंजूरी दिलाई हैं। प्रमाण के तौर पर ज्योतिरादित्य सिंधिया 2014 के चुनाव प्रचार में गुलाम नबी आजाद को शिवपुरी भी लाए। लेकिन 2014 के चुनाव में केंद्र में सत्ता परिवर्तन हो गया और मनमोहन सिंह के स्थान पर भाजपा के नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बन गए। इसके बाद भाजपा ने लगातार यह प्रचार किया कि सिंधिया द्वारा शिवपुरी में मेडिकल कॉलेज की घोषणा सही नहीं हैं। शिवराज सिंह और ज्योतिरादित्य सिंधिया के बीच उस समय जमकर बाक युद्ध भी चला। लेकिन कुल मिलाकर बाद में भाजपा ने मेडिकल कॉलेज की स्थापना में सहयोग किया ताकि जनता की नजर में वह खलनायक न बने और मेडिकल कॉलेज का नामकरण भी वरिष्ठ भाजपा नेत्री राजमाता विजयाराजे सिंधिया के नाम पर किया गया। केन्द्र में जब कांग्रेस की सत्ता थी और केन्द्रीय मंत्री पद पर ज्योतिरादित्य सिंधिया आसीन थे तो उस समय उन्होंने शिवपुरी में कई ट्रेनें चलवाई। जिससे जनता के बीच उनकी लोकप्रियता बनी रहे। सिंधिया उस समय जब भी क्षेत्र में आते थे तो उनके भाषण और वक्तव्य का पहला वाक्य यहीं रहता था कि मैं अपने क्षेत्र में कभी खाली हाथ नहीं आता और कुछ न कुछ विकास की सौगात अवश्य लेकर आता हूं। लेकिन आज स्थिति बदल गई हैं। केंद्र और प्रदेश की सत्ता पर भाजपा का एकाधिकार हो गया हैं। अपने समर्थकों द्वारा विकास के मसीहा कहे जाने वाले ज्योतिरादित्य सिंधिया भी अब विकास की मुख्यधारा में हैं लेकिन इसके बाद भी यदि यह क्षेत्र पिछड़ रहा हैं तो यह आत्म अवलोकन का विषय हैं और सिंधिया तथा भाजपा को अपनी कार्यप्रणाली के निरीक्षण की आवश्यकता है और यह भी आवश्यकता है कि कम से कम अपनी कर्म भूमि में भाजपा को केंद्रीय मंत्री सिंधिया को फ्री हैंड देना चाहिए। नहीं तो आगामी रास्ता निश्चित रूप से कठिन होने वाला हैं।

# सफलता की कहानी : हौसले को मिली पूँजी तो बात बन गई

**ग्वालियर, जीएनएस।**

ग्वालियर जिले के बिलौआ गांव निवासी अनुराग पाण्डेय के मन में एक सपना बरसों से दस्तक दे रहा था, वह सपना था अपना व्यवसाय व अपनी पहचान। वे इस दिशा में यत्न करते लेकिन हर बार पूँजी की कमी दीवार बनकर आड़े आ जाती। अनुराग के लिए यह सपना तब तक महज़ एक इच्छा बना रहा, जब तक उन्हें ÷मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना÷ के बारे में जानकारी नहीं मिली।

अनुराग के जीवन में ÷मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना÷ एक टर्निंग पॉइंट साबित हुई। योजना की सहायता से जून 2026 में मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक की बिलौआ शाखा से उन्हें 10 लाख रुपये का ऋण-अनुदान स्वीकृत हुआ। इस पूंजी ने उनके सपने को दिशा दी और उन्होंने अपना आर.ओ. प्लांट स्थापित कर व्यवसाय की शुरुआत की। फिर शुरू हुआ मेहनत और लगन का सफर। धीरे-धीरे उनकी इकाई ने रफ्तार पकड़ी। उनकी यह इकाई अब सुचारू रूप से संचालित हो रही है। सबसे खास बात यह है कि अनुराग का यह उद्यम अब सिर्फ उनकी नहीं, बल्कि चार अन्य परिवारों की भी आजीविका का ज़रिया बन चुका है।

सरकार द्वारा चलाए जा रहे ÷सेवा संकल्प अभियान÷ एवं ÷मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान÷ का मूल उद्देश्य भी यही है कि सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र और जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुँचे। अनुराग पाण्डेय की आत्मनिर्भरता की यह कहानी दर्शाती है कि सही जानकारी और सही समय पर मिला सहयोग एक व्यक्ति को न सिर्फ आत्मनिर्भर बनाता है, बल्कि उसे दूसरों के लिए रोजगार सृजक भी बना देता है।अनुराग सरकार की योजना की मदद से स्थापित किए गए व्यवसाय के माध्यम से स्वयं तो आत्मनिर्भर बने ही हैं, साथ ही चार अन्य लोगों को भी रोजगार दे रहे हैं। उनकी यह सफलता क्षेत्र के उन तमाम युवाओं के लिए मिसाल बन गई है, जो उद्यम शुरू करने का सपना तो देखते हैं, लेकिन संसाधनों की कमी के चलते हिम्मत नहीं जुटा पाते। सेवा-संकल्प अभियान ऐसे ही युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की राह दिखा रहा है। अनुराग पाण्डेय कहते हैं कि मेरे पास उद्यम खड़ा करने का हौसला तो था पर पूँजी की कमी थी। जब हमें सरकार की योजनाओं से पूंजी मिली तो सारी बातें बन गईं। इसके लिये हम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति सदैव आभारी रहेंगे।

# सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी भर्ती का द्वितीय चरण 7 से 18 अक्टूबर तक

**ग्वालियर, जीएनएस।**

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा-2026 की लिखित परीक्षा 4 जून से 20 जून तक आयोजित की गई थी। लिखित परीक्षा का परिणाम गत 14 अगस्त को घोषित कर दिया गया है। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के लिए भर्ती प्रक्रिया के द्वितीय चरण में शारीरिक नापजोख, प्रवीणता टेस्ट एवं दस्तावेज सत्यापन का कार्य किया जायेगा। यह प्रक्रिया आगामी 7 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक भोपाल स्थित अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, मध्यप्रदेश शूटिंग अकादमी के सामने, नाथू बरखेड़ा रोड, नीलबड़ में संपादित होगी।

द्वितीय चरण की परीक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं आवश्यक प्रपत्र मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल की वेबसाइट www.esb.mp.gov.in तथा जेल विभाग की वेबसाइट jail.mp.gov.in पर उपलब्ध हैं। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थी वेबसाइट से आवश्यक प्रपत्र डाउनलोड कर निर्धारित तिथि एवं समय पर सभी जरूरी दस्तावेजों एवं आवश्यक जानकारी के साथ शारीरिक नापजोख, प्रवीणता टेस्ट एवं दस्तावेज सत्यापन के लिए उपस्थित हो सकेंगे।

# भव्य शोभा यात्रा कलश की भव्य शोभा यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा हुई शुरू

**मुरैना, जीएनएस।**

ग्राम हरि हरि पुरा कुरेठा में आज भव्य धार्मिक माहौल के बीच श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा के प्रारंभ से पूर्व कलशों की विशाल शोभायात्रा बैंड-बाजों और भक्तिमय भजनों के साथ पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ निकाली गई। यह शोभायात्रा समूचे ग्राम में निकलकर कथा स्थल पर पहुंची।

शोभायात्रा के दौरान युवा वर्ग धार्मिक भजनों पर झूमता नजर आया, वहीं पूरे मार्ग में भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। पूरे क्षेत्र में भक्ति और आस्था का अनूठा संगम दिखाई दिया।

इस धार्मिक आयोजन का शुभारंभ परीक्षित नाथूराम उपाध्याय, श्रीमती रामवेटी उपाध्याय द्वारा कराया गया। कथा



वाचन का दायित्व क्षेत्र के प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य गुरू शरण दास महाराज द्वारा निभाया जा रहा है। कथा के पहले दिन उन्होंने श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। आचार्य ने अपने प्रवचन में गोकर्ण उपाख्यान का विस्तृत वर्णन करते हुए बताया कि भागवत कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धि और मोक्ष का मार्ग है। उन्होंने कहा कि श्रद्धा, भक्ति और नियमपूर्वक कथा श्रवण करने से मनुष्य के सभी पापों का नाश होता है और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है। उन्होंने गोकर्ण उपाख्यान के माध्यम से समझाया कि किस प्रकार भक्ति और सत्संग से व्यक्ति कठिन से कठिन परिस्थितियों से भी पार पा सकता है।

# विद्या भारती के आह्वान पर कल विद्यालयों में एक साथ गूंजेगा वंदे मातरम

राष्ट्र भक्ति राष्ट्रीय एकता एवं सांस्कृतिक चेतना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान नई दिल्ली द्वारा देश भर में एक साथ एक स्वर और एक समय पर वंदे मातरम के सामूहिक गायन का आयोजन किया जा रहा है यह आयोजन नमामि भारतम् कार्यक्रम के अंतर्गत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में शुक्रवार 25 सितंबर 2026 को प्रातः 11:00 बजे सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल करेरा पर आयोजित होगा और राष्ट्र भावना का संदेश जन-जन तक पहुंचेगा विद्या भारती द्वारा संचालित देशभर के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों सहित विभिन्न चयनित स्थानों पर एक साथ एक स्वर में और एक समय पर वंदे मातरम के सामूहिक गायन का लक्ष्य रखा गया है करेरा में इस ऐतिहासिक एवं राष्ट्र भाव से ओत प्रोत आयोजन का मुख्य कार्यक्रम सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल करेरा डिग्री कॉलेज के पीछे नेशनल हाईवे रोड के पास करेरा पर किया जावेगा आयोजन में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ अभिभावक, आचार्य, दीदी पूर्व छात्र, नगर के गणमान्य नागरिक, सामाजिक एवं शैक्षिक क्षेत्र से जुड़े नागरिक, पत्रकार बंधु तथा अन्य राष्ट्र प्रेमी नागरिक सहभागिता करेंगे इस आयोजन का मूल भाव एक समय, एक लय , एक स्वर है देश के अलग-अलग क्षेत्र, भाषाओं और सामाजिक परिवेश से जुड़े नागरिक जब एक ही समय पर एक स्वर में राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन करेंगे तो इसे राष्ट्रीय एकता,सामाजिक समरसता और लास्ट भावना का संदेश जन-जन तक पहुंचेगा विद्यालय परिवार द्वारा इस अवसर को केवल एक कार्यक्रम के रूप में नहीं बल्कि राष्ट्र के प्रति अपने भावों की सामूहिक अभिव्यक्ति के रूप में मनाने की तैयारी की जा रही है विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों एवं उपस्थित नागरिकों को आयोजन के उद्देश्य एवं महत्व से भी अवगत कराया जाएगा। सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल करेरा के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण साहू, व्यवस्थापक सतीश श्रीवास्तव, एवं प्राचार्य उमेश कुमार श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से बताया कि यह आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्र प्रेम , अनुशासन, एकता और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने का महत्वपूर्ण अवसर है उन्होंने कहा की 25 सितंबर 2026 को प्रातः 11:00 होने वाले इस सामूहिक गायन में अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता अपेक्षित है।

# कहानी बदलाव की: खेती से बदली किस्मत: कृषक मजबूत सिंह गुर्जर ने चिया सीड की खेती से रचा सफलता का नया इतिहास

**शिवपुरी, जीएनएस।**
जिले के ग्राम दौलतगंज निवासी कृषक श्री मजबूत सिंह गुर्जर परंपरागत खेती की चुनौतियों और बढ़ती लागत से अलग कुछ नया करने की सोच रहे थे। खेती में रासायनिक खादों के अत्यधिक उपयोग और कम मुनाफे के कारण वे कम लागत में अधिक लाभ देने वाली फसलों के विकल्पों की तलाश में थे, ताकि सीमित संसाधनों के बावजूद कृषि को एक लाभप्रद और टिकाऊ व्यवसाय बनाया जा सके।

कृषक श्री मजबूत सिंह गुर्जर की इस सोच को तब नई दिशा मिली, जब कृषि विभाग के बीटीएम (ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर) श्री राकेश धाकड़ तथा जिला स्तरीय कृषि अधिकारियों ने उनके गांव में चौपाल लगाकर किसानों को प्रेरित किया। कृषि विभाग के उप संचालक श्री मुनेश शाक्यवार एवं बीटीएम के सतत मार्गदर्शन से प्रभावित होकर उन्होंने जैविक, प्राकृतिक एवं शून्य प्रतिशत लागत वाली चिया सीड की खेती को अपनाने का संकल्प लिया।

**कम समय, जीरो खाद और चिया सीड की नवाचार खेती:** कृषय श्री मजबूत सिंह ने



रबी सीजन में अपने खेत को एक जुताई और पटेला फेरकर तैयार किया तथा प्रति बीघा मात्र 1 किलोग्राम चिया सीड के बीज की बुआई की। इस फसल की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि इसमें किसी विशेष या महंगे रासायनिक खाद की आवश्यकता नहीं पड़ी। मात्र 90 दिनों में फसल पककर तैयार हो गई। प्रति बीघा 2.25 से लेकर 3.5 क्विंटल तक की बंपर उपज प्राप्त हुई। नीमच और मंदसौर जिले की मंडियों में चिया सीड का भाव ?25,000 प्रति क्विंटल तक मिल रहा है, जिससे उन्हें कम समय और न्यूनतम लागत में बेहतरीन मुनाफा हासिल हुआ।

**अन्य किसानों के लिए बने प्रेरणा स्त्रोत:** अपनी इस अभूतपूर्व सफलता के बाद श्री मजबूत सिंह गुर्जर अब क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए एक मिसाल बन गए हैं। वे गांव-गांव जाकर अन्य कृषक भाइयों को भी जैविक व प्राकृतिक खेती अपनाने, महंगी खादों से बचने तथा चिया सीड जैसी उच्च मूल्य वाली नकदी फसलों को उगाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उनका मानना है कि सही मार्गदर्शन और नवाचार से कम लागत में भी कृषि से बड़ा मुनाफा कमाया जा सकता है।

**व्यक्त किया आभार**

किसान मजबूत सिंह गुर्जर ने सरकार की इस योजना के लिए आभार व्यक्त किया है। साथ ही कृषि विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा किसानों के द्वार तक पहुंचकर दिए जा रहे सतत मार्गदर्शन की सराहना करते हुए कृषक श्री मजबूत सिंह गुर्जर ने उप संचालक कृषि श्री मुनेश शाक्यवार, बीटीएम श्री राकेश धाकड़ तथा पूरे कृषि विभाग की टीम का हृदय से धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि विपरीत मौसम में भी अधिकारियों का खेत-खेत पहुंचकर मार्गदर्शन देना ही उनकी इस सफलता की मुख्य कुंजी बना है।



द्वारकापुरी विकास समिति द्वारा, हवन यज्ञ, व भंडारी का आयोजन किया " द्वारकापुरी विकास समिति के तत्वाधान में गणेश महोत्सव के दसवें दिन गणेश जी पंडाल में, हवन का आयोजन किया गया। श्री जीएस जायसवाल, नवीन तोमर,राजू कौरव, रणजीत सिंह चौहान, ने अपनी प यों के साथ विधि विधान के अनुसार हवन किया। सांय काल कन्या पूजन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सभी कालोनीवासियों व धर्म प्रेमियों ने श्री गणेश जी का प्रसाद ग्रहण किया।

## न्यायिक अधिकारी-कर्मचारियों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

**ग्वालियर, जीएनएस।**
माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर के निर्देशानुसार न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन 24 सितंबर 2026 को कुटुंब न्यायालय, जयेन्द्रगंज, ग्वालियर के न्यायालय परिसर में किया गया। शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सहयोग से किया गया। शिविर में न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित न्यायालय से जुड़े अन्य कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण




किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच निःशुल्क की गई तथा चिकित्सकों द्वारा आवश्यक परामर्श भी दिया गया।

इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश देवेंद्र पाल सिंह गौर, न्यायाधीश संजय गुप्ता, न्यायाधीश आशीष मिश्रा, न्यायाधीश श्रीमती सोनल जादौन, विधिक सहायता सचिव पुष्पेंद्र सिंह एवं विधिक सहायता अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक खरे, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सृष्टि भगत, डॉ. सुनील बचके, नरेंद्र शाक्य, डॉ. विजय धाकड़, शिवानी दुबे, अभय माथुर एवं शेष नारायण सहित चिकित्सा दल ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर के दौरान चिकित्सकों द्वारा आवश्यकतानुसार विभिन्न जांचें की गई तथा जांच के उपरांत मरीजों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। शिविर का उद्देश्य न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा।

## सहकारी बैंकों की कार्यप्रणाली में लाएं पूर्ण पारदर्शिता : कलेक्टर

**शिवपुरी, जीएनएस।**
कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने आज सहकारिता विभाग एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधिकारियों तथा शाखा प्रबंधकों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने जिले में संचालित सहकारी बैंक की समस्त शाखाओं की कार्यप्रणाली में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए हैं।

**लापरवाही पर शाखा प्रबंधकों की सीधी जवाबदेही**

कलेक्टर श्री अर्पित वर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सहकारी बैंकों में गबन एवं वित्तीय अनियमितताओं से संबंधित सामने आ रहे मामले अत्यंत गंभीर हैं। बैंक शाखा स्तर पर किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि प्राथमिक सहकारी समितियों में यदि प्रबंधकों द्वारा किसी भी प्रकार की वित्तीय गड़बड़ी की जाती है, तो संबंधित शाखा प्रबंधक निगरानी करें और इसकी सूचना वरिष्ठ कार्यालय को देंगे और कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित करेंगे। लापरवाही बरतने पर शाखा प्रबंधकों की भी सीधी जवाबदेही तय की जाएगी।

**नागरिकों की जमा पूंजी की सुरक्षा पहली प्राथमिकता**

कलेक्टर श्री वर्मा ने बैठक में कड़े शब्दों में कहा कि सहकारी बैंकों में जिले के आम नागरिकों और किसानों की जमा पूंजी है। वित्तीय अनियमितताओं के कारण आमजन को अपनी ही जमा राशि प्राप्त करने के लिए बार-बार चक्कर काटने पड़ते है और जनसुनवाई में भी इस प्रकार की शिकायतें निरंतर प्राप्त हो रही हैं। भविष्य में इस प्रकार की स्थितियां निर्मित न हों, इसके लिए उन्होंने बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों को अभी से बैंकों में कड़ी निगरानी और सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर श्री वर्मा ने सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि गबन के प्रकरणों में संलिप्त दोषियों से गबन की गई शत-प्रतिशत राशि की त्वरित वसूली की जाए। समयावधि में राशि जमा न करने की स्थिति में संबंधितों की संपत्ति की कुर्की एवं नीलामी की वैधानिक प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ की जाए। कार्य शिथिलता बरतने वाले विभागीय अधिकारियों के विरुद्ध भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई।



## दतिया पहुंचे नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष माधवेंद्र सिंह परिहार, कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

दतिया पहुंचते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष माधवेंद्र सिंह परिहार का गर्मजोशी से स्वागत किया। भाजपा नेता आशुतोष तिवारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष परिहार पीतांबरा पीठ पहुंचकर मां पीतांबरा के दर्शन-पूजन करेंगे।

## जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा

**ग्वालियर, जीएनएस।**
जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुँवर सिंह जाटव की अध्यक्षता में सामान्य सभा की बैठक आयोजित हुई। जिला पंचायत सभागार में हुई बैठक में जिले में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन, जनजातीय कार्य, शिक्षा, सहकारिता, विद्युत, वन, खनिज एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सहित विभिन्न विभागों से संबंधित योजनाओं की जानकारी जनप्रतिनिधियों को दी गई तथा पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से पहुंचाने पर जोर दिया गया।

सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सोजान सिंह रावत ने ÷सेवा-संकल्प अभियान÷ के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया वाराणसी से बड़नगर तक प्रस्तावित सेवा-संकल्प यात्रा ग्वालियर होकर गुजरेगी। उन्होंने



÷सेवा-संकल्प अभियान÷ में जनप्रतिनिधियों से सक्रिय सहभागिता का अनुरोध किया।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान मलेरिया, डेंगू, स्वाइन फ्लू एवं अन्य मौसमी बीमारियों की जांच और रोकथाम के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने तथा प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए गए। साथ ही संजीवनी क्लिनिक एवं स्वास्थ्य केन्द्रों की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। विद्युत विभाग की समीक्षा में किसानों को फसल के समय नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पंचायतों में स्मार्ट मीटर लगाने की प्रगति की जानकारी ली गई। जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना की समीक्षा की गई।

वन विभाग की समीक्षा के दौरान लंबित शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए तथा वन समिति की बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए जनहित के विषयों का प्राथमिकता से निराकरण करने तथा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती प्रियंका सिंह घुरैया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सोजान सिंह रावत सहित जिला पंचायत सदस्यगण एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### ग्वालियर में गणेश उत्सव की धूम, विभिन्न आयोजनों में शामिल हुए विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर

# गणेशोत्सव सामाजिक एकता और भाईचारे को मजबूत करने वाला पर्व : तोमर

**ग्वालियर जीएनएस**

मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने ग्वालियर में आयोजित विभिन्न गणेश महोत्सव कार्यक्रमों में शामिल होकर भगवान श्री गणेश की विधि-विधान से पूजा-अर्चना और आरती की। उन्होंने दौलतगंज स्थित गणेश उत्सव में शामिल होने के बाद हरिशंकर पुरम गणेश महोत्सव में पहुंचकर भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना की।

इस अवसर पर तोमर ने कहा कि विघ्नहर्ता एवं मंगलकर्ता भगवान श्री गणेश के पावन गणेशोत्सव को लेकर ग्वालियर सहित आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धा और उल्लास का वातावरण है। विभिन्न स्थानों में आकर्षक गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। गणेश पंडालों को विद्युत सज्जा और फूलों से सजाया गया है। सुबह-शाम आरती, पूजन, भजन-कीर्तन और धार्मिक आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर बच्चों और युवाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। परिवारों के साथ श्रद्धालु गणपति दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं और सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना कर रहे हैं। शहर में चारों ओर 'गणपति बप्पा मोरया' के जयघोष गूंज रहे हैं।

तोमर ने कहा कि गणेशोत्सव धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूत करने वाला पर्व भी है। अलग-अलग वर्गों के लोग एक साथ मिलकर आयोजनों में सहभागी बन रहे हैं, जिससे आपसी सद्भाव और सहयोग की भावना मजबूत हो रही है। आयोजन समितियों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा, स्वच्छता और अनुशासन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने भगवान श्री गणेश की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की और विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण अध्यक्ष अशोक जादौन, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक जैन, भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा उपाध्यक्ष पंडित विवेक शर्मा, अर्पित भार्गव, सोनू मंगल, रवि पाण्डेय, यादव हर्ष श्रीवास्तव, मोनू कंसाना, अखंड अग्रवाल और अमरीश शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



### ग्वालियर किले में एनएसएस स्वयंसेवकों ने श्रमदान कर दिया संरक्षण का संदेश

## धरोहर की सफाई को युवाओं ने बनाया अपना दायित्व



**ग्वालियर जीएनएस**

राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के अवसर पर माधव महाविद्यालय, ग्वालियर के तत्वावधान में ऐतिहासिक ग्वालियर किले स्थित मानसिंह पैलेस परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य ऐतिहासिक धरोहरों की स्वच्छता एवं संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के साथ युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करना था।

अभियान में बड़ी संख्या में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। स्वयंसेवकों ने किले के विभिन्न क्षेत्रों में श्रमदान कर परिसर की सफाई की। साथ ही पर्यटकों और आम नागरिकों को ऐतिहासिक स्थलों को स्वच्छ रखने तथा उनकी गरिमा बनाए रखने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शिव कुमार शर्मा, वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय कुमार पांडे तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सरिता दीक्षित उपस्थित रहे। पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपक शिंदे, पूर्व राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक अनिरुद्ध शर्मा, दिलीप चौहान और गरिमा झा ने भी सहभागिता कर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। अतिथियों ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को सेवा, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐतिहासिक धरोहरें केवल अतीत की पहचान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी सांस्कृतिक विरासत हैं। इनके संरक्षण में स्वच्छता की महत्वपूर्ण भूमिका है।

स्वयंसेवकों ने अभियान के माध्यम से संदेश दिया कि ऐतिहासिक धरोहरों की रक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। अभियान के अंत में स्वयंसेवकों ने ऐतिहासिक स्थलों को स्वच्छ रखने और समाज में स्वच्छता एवं जिम्मेदार नागरिकता की भावना को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

## अयोध्या से पधारे संतों का किया सम्मान और स्वागत



**ग्वालियर जीएनएस**

श्रीधाम अयोध्या से पधारे संतजनों का मां जगदंबा आश्रम सिद्धपीठ श्री कैला महारानी एवं श्री कुंअर महाराज मंदिर, महलगांव में सम्मान एवं स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं और संतजनों की उपस्थिति में धार्मिक वातावरण बना रहा। संतों के आगमन पर श्रद्धालुओं ने उनका पुष्पमालाओं से स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन के दौरान मां जगदंबा एवं श्री कुंअर महाराज की पूजा-अर्चना की गई तथा धर्म और आध्यात्मिकता से जुड़े विषयों पर संतजनों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

### महिलाओं ने नृत्य नाटिका से दिया धर्म पर अडिग रहने का संदेश

## सीता की पीड़ा में छिपा धर्म का संदेश

**ग्वालियर जीएनएस**

गोपाचल सिद्ध क्षेत्र पर पर्युषण पर्व के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में मैत्री समूह नयाबाजार की महिलाओं ने 'सीता की अग्नि परीक्षा' नृत्य नाटिका का भावपूर्ण मंचन किया। करीब 50 मिनट की नाटिका में भगवान राम द्वारा लोकापवाद के कारण गर्भवती सीता के त्याग और उसके बाद की परिस्थितियों को नृत्य, अभिनय और संवादों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।



नाटिका के मार्मिक प्रसंग में जब सेनापति सीता को जंगल में छोड़ने पहुंचे तो सीता ने संदेश दिया कि श्रीराम से कहना कि जिस तरह लोगों के कहने पर उन्होंने सीता का त्याग किया, उसी तरह कभी लोगों के कहने पर धर्म का त्याग नहीं करना। संवाद सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कार्यक्रम का शुभारंभ अंकिता जैन के मंगलाचरण से हुआ। भगवान पारसनाथ स्वामी के चित्र के समक्ष गोपाचल न्यास के कोषाध्यक्ष अनिल शाह, सकल जैन महापंचायत अध्यक्ष पारस जैन, दिगंबर जैन सोशल ग्रुप ग्रेटर ग्वालियर के संस्थापक अध्यक्ष अनुपम चौधरी और अजित जैन ने दीप प्रज्वलित किया।

नाटिका में चंचल जैन ने सीता, रश्मि जैन ने राम, निधि अमित जैन ने लक्ष्मण, निधि अभिषेक जैन ने सेनापति और सीमा जितेंद्र जैन ने सूत्रधार की भूमिका निभाई। अन्य कलाकारों ने नृत्य, ग्रामीणों और लव-कुश की भूमिकाएं निभाई। कार्यक्रम का संचालन रूचि जैन ने किया।

### घर के बाहर से बाइक चोरी, सीसीटीवी से मिला सुराग

## भितरवार पुलिस ने आरोपी को नहर किनारे से पकड़ा, बाइक बरामद

**ग्वालियर जीएनएस**

भितरवार पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। पकड़े गए आरोपी की पहचान मलखान सिंह रावत (37) निवासी कारोवाह, थाना सीहोर, जिला शिवपुरी के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार गिर्राज जी पहाड़िया वार्ड क्रमांक 3 निवासी धर्मेंद्र परिहार ने 20 सितंबर की रात घर के बाहर खड़ी टीव्हीएस स्टार सिटी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी07-एमयू-8277 चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में थाना भितरवार में अपराध क्रमांक



385/26, धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज के आधार पर एक संदिग्ध की पहचान कर उसकी तलाश के लिए मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने डबरा रोड स्थित नहर किनारे से संदिग्ध को मोटरसाइकिल सहित पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने मोटरसाइकिल को 20 सितंबर की रात गिर्राज जी पहाड़िया वार्ड क्रमांक 3 से चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से अन्य वाहन चोरी की घटनाओं के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक रामकिशन तायल 'फौजी' ने श्रमसाधना प्रिन्टर्स, भगवती निवास पारखजी का बाड़ा दौलतगंज, ग्वालियर से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : महेश तायल समाचार चयन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत अधिकृत
e.mail- Shramsadhnagwl@gmail.com ph. 0751-2625029, 98270 17078, 9425007142 समाचार पत्र में प्रकाशित सभी आलेखों में लेखकों के अपने विचार हैं। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र ग्वालियर होगा।